राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

सूर्योदय भास्कर

उजाला सच का

CBC Newspaper Code : 134575

RNI Regn, No. : UPHIN/2023/84452

WEB SITE : SURYODAY BHASKAR.IN | E-mail : suryodyabhaskar2@gmail.com | PHONE : 7007784396

लखनऊ | रविवार 01 नवंबर 2026 | वर्ष : 03 अंक : 209 पृष्ठ : 08 | मूल्य : 01 रुपया

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ से प्रकाशित

सार संक्षेप

राष्ट्रपति ने सरदार पटेल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी



नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन, गृह मंत्री अमित शाह और दिल्ली के उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने देश के पहले गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। श्रीमती मुर्मू और श्री राधाकृष्णन सहित सभी गणमान्य व्यक्तियों ने शनिवार सुबह सवेरे पटेल चौक स्थित लोह पुरुष सरदार पटेल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए।

एयर चीफ मार्शल दीक्षित ने संभाली वायुसेना की कमान



नई दिल्ली। एयर चीफ मार्शल आशुतोष दीक्षित ने शनिवार को भारतीय वायुसेना के 29वें प्रमुख के रूप में कार्यभार संभाल लिया। उन्होंने एयर चीफ मार्शल एपी सिंह की जगह ली है जो 42 साल की सेवा के बाद आज सेवानिवृत्त हो गए। राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के पूर्व छात्र आशुतोष दीक्षित को 6 दिसंबर 1986 को भारतीय वायुसेना की फाइटर स्ट्रीम में कमीशन मिला था। उनका सैन्य कॅरियर करीब चार दशक का रहा है। इस दौरान उन्होंने ऑपरेशन, विमान परीक्षण, सैन्य क्षमता के विकास और संयुक्त सैन्य सेवाओं से जुड़े कई अहम पदों पर काम किया। एक अनुभवी लड़ाकू विमान पायलट, फ्लाइंग इंस्ट्रक्टर और परीक्षण पायलट के रूप में उनके पास 3,300 घंटे से अधिक उड़ान का अनुभव है।

सरकार ने कपास के आयात पर सीमा शुल्क में छूट को बढ़ाया



नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने घरेलू वस्त्र उद्योग में कच्चे माल संबंधी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए कपास के आयात पर सीमा शुल्क की वर्तमान छूट को इस साल 31 दिसंबर तक बढ़ा दिया है। यह छूट शनिवार को समाप्त हो रही थी। वित्त मंत्रालय के राजस्व विभाग ने शुक्रवार को जारी अधिसूचना संख्या 35/2026-सीमा शुल्क के माध्यम से इस विस्तार की घोषणा की। इस संशोधन के माध्यम से 31 अक्टूबर 2026 तक उपलब्ध मौजूदा छूट को दो महीने के लिए बढ़ाकर 31 दिसंबर 2026 तक कर दिया गया है।

पंजाब में 'आप' की 40 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी



नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) ने पंजाब विधानसभा चुनाव 2027 के लिए शनिवार को 40 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी और मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान को धुरी विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार बनाया है। इसके अलावा सूची में पंजाब सरकार के कई मंत्रियों, मौजूदा विधायकों और पार्टी के प्रमुख नेताओं को भी दोबारा चुनाव मैदान में उतारा गया है।

गुजरात: एकता दिवस परेड में शामिल हुए प्रधानमंत्री मोदी, कहा- सरदार पटेल के फैसलों ने देश को एकजुट किया

देश - प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर एकता नगर के परेड ग्राउंड में आयोजित समारोह में हिस्सा लिया। इस दौरान राष्ट्रीय एकता दिवस परेड का आयोजन किया गया, जिसमें देश की एकता, विविधता और सामूहिक शक्ति की झलक देखने को मिली। परेड में भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, अनुशासन और राष्ट्रीय गौरव को प्रदर्शित किया गया। इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा कि सरदार पटेल ने देश की एकता को आकार देने और उसकी रक्षा करने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। देश में नक्सलवाद को एक निर्णायक झटका दिया गया है।

पीएम मोदी ने आगे कहा कि हमें जनता के प्रति जवाबदेह बनाता है और एकता हमें एक राष्ट्र के रूप में आगे बढ़ने की ताकत देती है। इसलिए हमारे देश में स्वतंत्रता दिवस, गणतंत्र दिवस और एकता दिवस, ये तीनों अब पूरे उत्साह के साथ राष्ट्रीय पर्व के रूप में मनाए जाते हैं। इस अवसर पर मैं राष्ट्रीय एकता दिवस की सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। मैं सरदार वल्लभभाई पटेल के चरणों में श्रद्धापूर्वक नमन करता हूं।

उन्होंने कहा कि सरदार पटेल ने केवल देश के भूगोल को ही नहीं जोड़ा, बल्कि पूरे राष्ट्र को भावनात्मक एकता के सूत्र में भी बांधा। गुजरात में सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के माध्यम से उन्होंने देश के सांस्कृतिक पुनर्जागरण की शुरूआत भी की थी। इस महान कार्य के 75 वर्ष इस वर्ष पूरे हो रहे हैं। जिस तरह सोमनाथ मंदिर का ध्वज हजार वर्षों से तमाम आक्रांताओं की मंशा को नाकाम करते हुए पूरे स्वाभिमान के साथ लहरा रहा है, उसी स्वाभिमान ने हमें सोमनाथ स्वाभिमान पर्व की प्रेरणा दी। इस वर्ष देश इस पर्व को भी पूरे उत्साह के साथ मना रहा है।

एकता नगर को 426 करोड़ रुपये की

> लोकतंत्र हमें जनता के प्रति जवाबदेह बनाता है और एकता हमें एक राष्ट्र के रूप में आगे बढ़ने की ताकत देती है। इसलिए हमारे देश में स्वतंत्रता दिवस, गणतंत्र दिवस और एकता दिवस, ये तीनों अब पूरे उत्साह के साथ राष्ट्रीय पर्व के रूप में मनाए जाते हैं।
>
> *नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री*



कौन-कौन सी सौगात मिलेगी?

प्रधानमंत्री एकता नगर के पर्यटन और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए करीब 426.71 करोड़ रुपये की 31 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। इन परियोजनाओं का उद्देश्य यहां आने वाले पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं देना और पर्यटन के नए आकर्षण विकसित करना है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एकता नगर में कुल 31 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। इनमें 307.83 करोड़ रुपये की 23 परियोजनाओं का लोकार्पण और 118.88 करोड़ रुपये की करीब आठ परियोजनाओं का शिलान्यास शामिल है। इन विकास कार्यों में नए होटल, क्रूज, रेन फॉरेस्ट, इको ट्रेल, सड़क, पुल, पानी और सफाई व्यवस्था से जुड़ी सुविधाएं शामिल हैं।

इन परियोजनाओं के शुरू होने से स्टैच्यू ऑफ यूनिटी घूमने आने वाले पर्यटकों को कई नई सुविधाएं मिलेंगी। सरकार का उद्देश्य एकता नगर को पर्यटन के बड़े केंद्र के रूप में विकसित करना और यहां आने वाले लोगों के पूरे सफर को बेहतर बनाना है।

कौन-कौन से 23 प्रोजेक्ट का होगा लोकार्पण?

प्रधानमंत्री 307.83 करोड़ रुपये की लागत से तैयार 23 परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। इनमें 50 करोड़ रुपये की लागत से बना आईआरसीटीसी होटल, 16 करोड़ रुपये का नया एकता क्रूज, 14.30 करोड़ रुपये का रेन फॉरेस्ट और 3.67 करोड़ रुपये का इको ट्रेल शामिल है। इसके अलावा 45.53 करोड़ रुपये का सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट, 21.40 करोड़ रुपये का वाटर ट्रीटमेंट प्लांट और 23.81 करोड़ रुपये की लागत से तैयार परेड ट्रैक तथा उससे जुड़े कार्यों का भी लोकार्पण होगा। पर्यटकों की आवाजाही आसान बनाने के लिए 28.22 करोड़ रुपये की लागत से ट्रैवलेटर बनाया गया है। यातायात की समस्या कम करने के लिए 23 करोड़ रुपये की लागत से 24 मीटर कॉलोनी रोड और कर्मचारियों के रहने के लिए 14.25 करोड़ रुपये के स्टाफ क्वार्टर भी तैयार किए गए हैं।

पर्यटकों को कौन सी नई सुविधाएं और आकर्षण मिलेंगे?

लोकार्पण होने वाली अन्य परियोजनाओं में सीआईएसएफ बैरक, मोखडी गांव के पास टर्मिनल बिल्डिंग और जेटी, अलग-अलग जगहों पर वाटर स्टेशन और एकता नगर रेलवे स्टेशन से विजिटर सेंटर तक वॉक-वे का विस्तार शामिल है। इसके साथ ही कई स्थानों पर आकर्षक फव्वारे लगाए गए हैं। नए हाई लेवल गोरा ब्रिज के पत्थर वाले ढलान का सौंदर्यीकरण और हरियाली बढ़ाने के लिए जियोसेल तकनीक से लैंडस्केपिंग की गई है।

>> राष्ट्रीय एकता दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एकता नगर में आयोजित परेड में शामिल हुए। इस दौरान पर्यटन और बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी 426.71 करोड़ रुपये की 31 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया जाएगा। इनमें होटल, क्रूज, रेन फॉरेस्ट, इको ट्रेल और सड़कें शामिल हैं। आखिर पर्यटकों को कौन-कौन सी नई सुविधाएं मिलेंगी? किन परियोजनाओं से एकता नगर का पर्यटन अनुभव बदलने की तैयारी है? आइए, सबकुछ विस्तार से जानते हैं...

स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के गेट नंबर-8 पर सड़क का विकास, शूलपाणेश्वर नर्मदा घाट का विस्तार और सौंदर्यीकरण तथा परिसर में फसाड लाइटिंग की सुविधा भी विकसित की गई है। राष्ट्रीय एकता और भारत की सांस्कृतिक विरासत को दिखाने के लिए एकता प्रकाश पर्व, यूनिटी ग्लो गार्डन का अपग्रेडेशन, नौ मीटर लंबी दो नई वातानुकूलित इलेक्ट्रिक बसें और अलग-अलग स्थानों पर आकर्षक शिल्प-स्थापत्य भी इन परियोजनाओं का हिस्सा हैं।

किन आठ नई परियोजनाओं की रखी जाएगी नींव?

प्रधानमंत्री 118.88 करोड़ रुपये की लागत वाले करीब आठ विकास कार्यों का शिलान्यास भी करेंगे। इनमें 59.32 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली गोरा-भाणद्रा रोड और 7.72 करोड़ रुपये की लागत से खलवाणी ब्रिज का विकास शामिल है।

10-12 साल में 50 करोड़ भारतीय गरीबी से बाहर आए : मोदी

विश्व बैंक की हालिया रिपोर्ट का किया जिक्र

एकता नगर, । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को गुजरात के एकता नगर स्थित परेड ग्राउंड में राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने सरदार वल्लभभाई पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए देश की एकता, अखंडता और विकास में उनके योगदान को याद किया।

पीएम मोदी ने सरदार पटेल को किया नमन

प्रधानमंत्री ने कहा कि सरदार पटेल ने आजादी के बाद 550 से अधिक रियासतों को एकजुट कर अपने लौह संकल्प से देश को एकता के सूत्र में बांधा था। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 'गरीबी हटाओ' का नारा देने वाले लोग खुद अमीर होते चले गए। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में स्थिति बदलनी शुरू हुई है। उन्होंने विश्व बैंक की हालिया रिपोर्ट का उल्लेख करते हुए कहा कि 2024 से पहले के 10 से 12 वर्षों में 50 करोड़ भारतीयों ने गरीबी को मात दी है। उन्होंने कहा कि पहले देश में हर 100 में से 27 से अधिक लोग यानी एक चौथाई से ज्यादा आबादी अत्यधिक गरीबी की चपेट में थी। आज यह संख्या लगातार घटकर तीन प्रतिशत से भी नीचे आ गई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हाल के महीनों में दुनिया ने ऊर्जा संकट का सामना किया है।



> 'गरीबी हटाओ' का नारा देने वाले लोग खुद अमीर होते चले गए। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में स्थिति बदलनी शुरू हुई है: नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

कई देशों में डीजल और पेट्रोल की खरीद पर भी सीमाएं लगानी पड़ीं। भारत को लेकर भी आशंका जताई जा रही थी कि इतनी बड़ी आबादी और घरेलू पेट्रोलियम उत्पादन की सीमित क्षमता के कारण यहां सबसे बड़ा संकट पैदा हो सकता है। उन्होंने कहा कि इन आशंकाओं के बीच भारत विरोधी ताकतें भी सक्रिय हो गई थीं, लेकिन यह भारत की क्षमता का प्रमाण है कि देश ने वैश्विक ऊर्जा संकट के प्रभाव को अपने नागरिकों पर नहीं पड़ने दिया।

आपसी भाई चारा हमारी सबसे बड़ी ताकत

वैश्विक परिस्थितियों का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया के कई देशों के बीच युद्ध छिड़े हुए हैं। बड़े और शक्तिशाली देशों की अर्थव्यवस्थाएं भी गंभीर चुनौतियों से जूझ रही हैं। संसाधनों का संकट लगातार बढ़ रहा है और वैश्विक सप्लाई चेन बिखरी हुई है। ऐसे समय में भारत की एकता और देशवासियों का आपसी भाईचारा हमारी सबसे बड़ी ताकत है। यही एकता हमें तमाम चुनौतियों और संकटों से बाहर निकालेगी।

'यात्रियों का सफर होगा बेहतर': पीएम मोदी ने बताया ऐतिहासिक दिन, दिल्ली-काशी वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का शुभारंभ

वाराणसी। देश की दूसरी और उत्तर प्रदेश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन के उद्घाटन को पीएम मोदी ने ऐतिहासिक दिन बताया। उन्होंने एक्स हैंडल पर पोस्ट कर लिखा कि यह ट्रेन आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है। काशी-दिल्ली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन की शुरूआत को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी ने अपने एक्स हैंडल पर पोस्ट किया है। उन्होंने लिखा कि दिल्ली और काशी के बीच रेल यात्रियों के लिए आज का दिन ऐतिहासिक है। शनिवार को काशी-दिल्ली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का शुभारंभ बनारस स्टेशन से किया गया है। इस नई ट्रेन से यात्रियों के समय की



बचत होगी और उनका यात्रा अनुभव भी बेहतर होगा।

यह देश की दूसरी वंदे भारत स्लीपर ट्रेन है। यह ट्रेन आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है। इसमें अत्याधुनिक सुरक्षा प्रणाली भी लगाई गई है। इस ट्रेन की शुरूआत से दोनों शहरों के बीच रेल संपर्क और मजबूत होगा। यात्रियों को अब अधिक आरामदायक और सुरक्षित यात्रा का विकल्प मिलेगा।

दिल्ली और काशी के बीच रेल यात्रा करने वालों के लिए आज का दिन ऐतिहासिक है। काशी-दिल्ली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन शुरू होने से समय की बचत के साथ ही उनका अनुभव बेहतर होने वाला है। आधुनिक सुविधाओं और अत्याधुनिक सुरक्षा प्रणाली से सुसज्जित यह देश की दूसरी वंदे भारत स्लीपर ट्रेन है।

ट्रेन की खासियत

वंदे भारत स्लीपर ट्रेन में यात्रियों के लिए कई उन्नत सुविधाएं उपलब्ध हैं। इनमें आरामदायक स्लीपर बर्थ और व्यक्तिगत चार्जिंग पॉइंट शामिल हैं। ट्रेन में बेहतर प्रकाश व्यवस्था और स्वच्छ शौचालय भी हैं। सुरक्षा के लिए इसमें उन्नत निगरानी प्रणाली और आपातकालीन सुविधाएं दी गई हैं।

अब जर्मनी में 'जेन जी' सरकार के खिलाफ उतरी



बर्लिन। जर्मनी भर में शनिवार को 160,000 से अधिक लोगों के प्रदर्शनों में शामिल होने की उम्मीद है। यूरोप के अन्य हिस्सों में हुए विरोध प्रदर्शनों से प्रेरित होकर, युवाओं के नेतृत्व वाला यह आंदोलन बेहतर शिक्षा और रहने-सहने के खर्च को कम करने की मांग को लेकर सड़कों पर उतर रहा है। स्थानीय मीडिया ने इसकी जानकारी दी। ये विरोध प्रदर्शन इस साल पूरे यूरोप में 'जेन जी (जेड)' के नेतृत्व में हुए प्रदर्शनों की एक कड़ी हैं।

बंगाल की खाड़ी में फिर आ रहा तूफान

अर्नब के बाद अब तूफान 'मुरसु' देगा दस्तक

चेन्नई, । बंगाल की खाड़ी में बना सुस्पष्ट निम्न दबाव क्षेत्र तेजी से गहराकर अगले 24 घंटों में चक्रवाती तूफान 'मुरासू' में तब्दील हो जाएगा। भारत द्वारा नामांकित यह चक्रवात दो नवंबर की शाम तक आंध्र प्रदेश तट की ओर बढ़ेगा। इसके प्रभाव से चेन्नई सहित तमिलनाडु के उत्तरी और तटीय जिलों में कल रात से भारी बारिश और पूर्वोत्तर मानसून की फिर से वापसी होगी। मौसम विभाग और निजी मौसम विशेषज्ञों ने चेन्नई, तिरुवल्लूर और आसपास के इलाकों में अलर्ट जारी किया है।

मौसम विभाग के अद्यतन विवरण के अनुसार, इस प्रणाली के प्रभाव से पश्चिमी घाट, आंतरिक और उत्तरी तटीय जिलों में कल शाम या रात से बारिश का दौर शुरू हो जाएगा, जो तीन नवंबर तक जारी रहने की आशंका है। इससे तमिलनाडु में 15 अक्टूबर से शुरू हुए उस पूर्वोत्तर मानसून की वापसी होगी, जिसने 12 दिनों तक राज्य के कई हिस्सों में भारी तबाही मचाई थी।

संभवत: यह पहला मौका है, जब बंगाल की खाड़ी में एक के बाद एक चार मौसम प्रणालियां बनी हैं। इनमें से एक गंभीर चक्रवाती तूफान 'अर्नब' के रूप में बदला था, जिसका तमिलनाडु पर कोई खास असर नहीं पड़ा और वह आंध्र प्रदेश तट को पार कर गया। खाड़ी में एक के बाद एक लगातार दूसरे चक्रवाती तूफान का बनना तमिलनाडु के लिए पहली ऐसी घटना होगी।



☐ कल शाम तक आंध्र तट की ओर बढ़ेगा

मछुआरों को समुद्र में न जाने की सलाह

मौसम विभाग ने मछुआरों को दो नवम्बर की शाम से चार नवम्बर की दोपहर तक उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी और दक्षिणी ओडिशा तट के आसपास समुद्र में न जाने की सलाह दी है। इसके अलावा एक नवम्बर की सुबह से चार नवम्बर की सुबह तक दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी और एक नवंबर की सुबह से चार नवम्बर की दोपहर तक पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी में मछली पकड़ने की गतिविधियों पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया गया है। ओडिशा के सभी बंदरगाहों को 'दूरस्थ चेतावनी संकेत संख्या-1' फहराने के निर्देश जारी किए गए हैं।

सरकार ने डीजल और एटीएफ पर ड्यूटी को बढ़ाया

नई दिल्ली, । केंद्र सरकार ने पेट्रोल के निर्यात पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क को घटाकर शून्य कर दिया है। साथ ही, डीजल और एविएशन टरबाइन फ्यूल (एटीएफ) पर विशेष निर्यात शुल्क में क्रमश: 3 रुपए प्रति लीटर और 0.50 रुपए प्रति लीटर की वृद्धि की है। यह जानकारी वित्त मंत्रालय द्वारा शनिवार को जारी अधिसूचना में दी गई। नई संशोधित दरों के मुताबिक, पेट्रोल के निर्यात पर शुल्क अब शून्य हो गया है, जो कि पहले 2.5 रुपए प्रति लीटर था। डीजल के निर्यात पर शुल्क बढ़कर 11.50 रुपए प्रति लीटर हो गया है, जो कि पहले 8.5 रुपए प्रति लीटर था।



पेट्रोल पर निर्यात शुल्क हटाया

नेशनल कांफ्रेंस में रार बढ़ी

☐ 19 विधायकों ने खोला मोर्चा ☐ नेतृत्व के सामने 3 मांगें रखी

जम्मू, । जम्मू कश्मीर की सत्ताधारी पार्टी नेशनल कॉन्फ्रेंस में अंदरूनी नाराजगी बढ़ती जा रही है। पार्टी के 19 विधायकों ने एक बैठक में प्रस्ताव पास कर नेतृत्व के सामने अपनी मांगें रखी हैं। वे मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के मंत्रिमंडल में बड़े बदलाव चाहते हैं। उनकी मांग है कि मंत्रियों की जिम्मेदारी दोबारा तय की जाए। इसके साथ ही वे उमर अब्दुल्ला के दो करीबी नेताओं को भी अहम जिम्मेदारियों से हटाने की मांग कर रहे हैं। नाराज विधायकों का कहना है कि सरकार और पार्टी में फैसले लेने का तरीका बदला जाना चाहिए। वे चाहते हैं कि मंत्रिमंडल में जगह केवल योग्यता के आधार पर मिले। साथ ही जम्मू और कश्मीर, दोनों क्षेत्रों को सही प्रतिनिधित्व भी दिया जाए।

पार्टी के भीतर मतभेद नहीं: शौकत मीर

हालांकि इस बीच जम्मू कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस के कश्मीर प्रांतीय अध्यक्ष शौकत अहमद मीर ने शनिवार को दावा किया कि पार्टी के भीतर कोई मतभेद नहीं है। उन्होंने कहा कि कल हुई विधायकों की बैठक एक अनौपचारिक और सौहार्दपूर्ण मुलाकात थी, न कि कोई बागी बैठक।

व्यापारी संगठन किसके इशारे पर कर रहे पोस्टरबाजी

भाजपा की पदयात्रा पर चुप्पी, कांग्रेस की रैली पर शोर

नई दिल्ली, । दिल्ली में सियासत का नया बाजार गरम है। एक तरफ कांग्रेस की 1 नवम्बर को रामलीला मैदान में होने वाली महा-रैली, दूसरी तरफ उसी रैली को रोकने के लिए व्यापारी संगठनों का अचानक जाग जाना। कल तक जो व्यापारी संगठन खामोश थे, आज पोस्टर लगा रहे हैं। कह रहे हैं - मोहब्बत की दुकान बंद मत करो। 25 हजार करोड़ का नुकसान हो जाएगा। पर इसी दिल्ली ने तीन दिन पहले दूसरा मंजर भी देखा था।

28 अक्टूबर, करवा चौथ से ठीक एक दिन पहले। चांदनी चौक में पैर रखने की जगह नहीं। महिलाएं चूड़ियां, साड़ियां, गहने खरीद रही हैं।



भीड़ भरे बाजार चांदनी चौक में भाजपा ने पदयात्रा निकाली

दुकानदारों के पास सांस लेने की फुर्सत नहीं। उसी भीड़ भरे बाजार में भाजपा ने 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' के नाम पर पदयात्रा निकाली। लाल किले के जैन मंदिर से टाउन हॉल तक। आगे-आगे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, पीछे मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, दिल्ली भाजपा अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा, मंत्री प्रवेश साहिब सिंह। हजारों कार्यकर्ता, झंडे, नारे। मुख्य सड़क पर मंच लगा। खारी बावली जाने वाला रास्ता जाम। उस दिन किसी व्यापारी संगठन ने चिट्ठी नहीं लिखी। किसी ने नहीं कहा - त्योहार का व्यापार डूब रहा है। किसी ने नुकसान का आंकड़ा नहीं गिनाया। क्यों? क्योंकि पदयात्रा भाजपा की थी। अब कांग्रेस की बारी है। कांग्रेस ने रैली की इजाजत 10 दिन पहले ही ले ली थी।

चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री कह रहा है- 5 किमी के घेरे में 20 बाजार हैं। चांदनी चौक, सदर बाजार, खारी बावली, भागीरथ पैलेस, चावड़ी बाजार, नई सड़क, दरियागंज, करोल बाग, कश्मीरी गेट, आजाद मार्केट। 10 हजार गाड़ियां आएंगी, जाम लगेगा। और नुकसान? 10 से 12 हजार करोड़ का। 20 लाख व्यापारियों पर असर। शनिवार को कमला मार्केट, कश्मीरी गेट में पोस्टर चिपका दिए गए - राजनीति के बाजार में मोहब्बत की दुकान बंद मत कीजिए।

जब बाजार ही बंद, नुकसान कैसा?

हकीकत ये है कि 1 नवंबर रविवार है। और रविवार को दिल्ली के बड़े थोक बाजार बंद रहते हैं। चांदनी चौक रविवार को बंद। सदर बाजार बंद। पालिका बाजार बंद। कनॉट प्लेस बंद। खान मार्केट बंद। दूसरी हकीकत ये है कि थोक का माल तो हफ्ते भर पहले ही दुकानों में पहुंच जाता है। शेष पेज 2 पर...

व्यापारी संगठनों को आगे किया जा रहा

एक तरफ बीच बाजार में, त्योहार से एक दिन पहले, बिना अधिकृत जगह के निकली पदयात्रा, जिस पर सब चुप। दूसरी तरफ अधिकृत जगह, अधिकृत समय, 10 दिन पहले इजाजत लेकर हो रही रैली, जिस पर शोर। क्या ये व्यापारी संगठन खुद बोल रहे हैं, या किसी के इशारे पर? कांग्रेस के एक नेता ने कहा - 'भाजपा को डर है। 10 लाख लोगों की भीड़ से। इसलिए व्यापारी संगठनों को आगे किया जा रहा है।' भाजपा ने तो 1 नवंबर को ही हरि नगर में जवाबी रैली का ऐलान भी कर दिया है। मतलब साफ है - रामलीला मैदान में कांग्रेस की रैली से पहले ही दिल्ली में दो रैलियां हो रही हैं। एक सड़क पर, एक पोस्टरों पर।

आज से शुरू होगा मिश्रित में रामलीला महोत्सव

सूर्योदय भास्कर ब्यूरो



सीतापुर। महर्षि दधीचि की पौराणिक नगरी मिश्रित तीर्थ में भगवान श्रीराम की लीलाओं के मंचन को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। श्री महर्षि दधीचि रामलीला न्यास की ओर से द्वितीय भव्य एवं दिव्य रामलीला महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह धार्मिक आयोजन 1 नवंबर से 5 नवंबर तक चलेगा।

कार्यक्रम के बारे में समाजसेवी राजीव ओझा ने बताया कि रामलीला महोत्सव का प्रस्तुतीकरण दिल्ली की ब्राइट फ्यूचर एकेडमी द्वारा किया जाएगा। पांच दिनों तक चलने वाले इस आयोजन में प्रभु श्रीराम के जीवन से जुड़े विभिन्न प्रसंगों का भव्य मंचन किया जाएगा। आयोजन का उद्देश्य लोगों को भगवान श्रीराम के आदर्शों, मर्यादा, त्याग और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देना है।

रामलीला महोत्सव प्रतिदिन शाम 6 बजे से रात्रि 12 बजे तक आयोजित होगा। कार्यक्रम का आयोजन मिश्रित तीर्थ स्थित मेला मैदान में किया जाएगा। श्री महर्षि दधीचि रामलीला न्यास कमेटी ने समस्त क्षेत्रवासियों एवं श्रद्धालुओं से परिवार सहित पहुंचकर इस धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन में शामिल होने की अपील की है।

अवैध सबंध को लेकर पत्नी के साथ मारपीट कर प्रताड़ित करने के मामले मे दी तहरीर

सूर्योदय भास्कर ब्यूरो

बरखेड़ा। थाना क्षेत्र के गाँव डड़िया भगत निवासी नियाज बानो पत्नी लाल मोहम्मद ने पुलिस को दी तहरीर मे बताया है कि मेरी शादी लगभग दस वर्ष पूर्व राजी खुशी से लाल मोहम्मद पुत्र शेर मोहम्मद के साथ हुई थी।तथा मेरे छोटे-छोटे चार बच्चे भी है।मेरे पति का बीसलपुर क्षेत्र के एक गाँव मे रहने वाली महिला से अवैध सबंध है।मेरा पति उस औरत के चक्कर मे मुझे और बच्चो के साथ मारपीट कर प्रताड़ित करता है।और अपने भाइयो के साथ जबरदस्ती सबंध बनाने के लिए बढ़ावा देता है।और अपने भाइयो से कहता है जबरदस्ती तुम लोग छेडछाड करो और घर से निकाल दो।तभी इस बात की मैने शिकायत सास-ससुर से की तो उन लोगो ने भी हमारे मारपीट करते घर से निकाल देने की धमकी दी है।

पति पत्नी को दी गोली मारने की धमकी।

सूर्योदय भास्कर ब्यूरो

बरखेड़ा। थाना क्षेत्र के गाँव डांडिया भगत निवासी सोमवती पत्नी सुखलाल ने पुलिस को दिए प्रार्थना-पत्र मे बताया है कि गांव निवासी रामकिशोर, रामखिलान पुत्रगण हेतराम गांव के ही नत्थूलाल पुत्र भीमसेन से किसी तरह का जमीनी विवाद चल रहा था।नत्थूलाल अपने खेत का कार्य हमारे ट्रैक्टर से करवाते थे।इसीलिए हम लोगो के सबंध अच्छे है।अगर कभी नत्थूलाल हम लोगो के घर आ जाते है तो उपरोक्त रामकिशोर, रामखिलान इस बात से नाराज होते हुए मुझे व मेरे पति को गन्दी गन्दी गालिया देते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए कहते अगर दुबारा नत्थूलाल तुम्हारे पर आया तो गोली मारकर जान से मार देगे।

लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की मनाई गयी जयंती

सूर्योदय भास्कर संबाददाता



बरवर खीरी। शनिवार को विद्यालय प्यारे लाल पटेल मेमोरियल पब्लिक इंटर कॉलेज भौनापुर बरवर खीरी में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयंती बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।

जयंती के शुभ अवसर पर प्रधानाचार्य विपुल शुक्ला एवं वरिष्ठ अध्यापक राम किशोर यादव ने बताया कि सरदार वल्लभभाई पटेल का जन्म 31 अक्टूबर सन 1875 ई को गुजरात के नडियाड गांव में हुआ था। इनके पिता का नाम झावेर भाई पटेल तथा माता का नाम लाडबा बेन था। गुजरात के बारडोली में बढे हुए लगान के विरुद्ध उन्होंने ऐतिहासिक किसान आंदोलन चलाया। इस सफल आंदोलन के बाद वहां के महिलाओं ने उन्हें सरदार की उपाधि दी। उन्होंने वर्ष 1920 के असहयोग आंदोलन 1930 के सविनय अवज्ञा आंदोलन और 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाई और कई बार जेल भी गए। अपने अटल इरादों से देश के अनेक छोटे-छोटे रियासतों में बंटे भारत को एकता के सूत्र में फिर होने वाले, आधुनिक भारत के शिल्पकार, राष्ट्रीय एकता व अखंडता के प्रतीक, स्वतंत्र भारत के प्रथम गृहमंत्री व उप प्रधानमंत्री, भारत रत्न, लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयंती पर उन्हें शत-शत नमन।

पटेल जी की जयंती के शुभ अवसर पर विद्यालय संचालक -संदीप वर्मा, प्रधानाचार्य -विपुल शुक्ला, वरिष्ठ अध्यापक - श्रीकान्त अवस्थी, रामकिशोर यादव कार्यालय प्रमुख - खिलेन्द्र वर्मा, परीक्षा प्रमुख - विपिन कुमार यादव, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रमुख- प्रदीप सिंह,अवकाश प्रमुख जितेंद्र कुमार अध्यापक - सुखमेल सिंह, सुरजीत वर्मा, रामचन्द्र श्रीवास्तव, धीरेन्द्र शुक्ला, अविनाश बाजपेई ,विशाल वर्मा, अंकित कुमार यादव, आदेश कुमार, अध्यापिका - योगेश कुमारी, अनुपम शर्मा, आरती देवी, हिमांशी शुक्ला, गार्गी वर्मा, ज्योति शुक्ला, निधि वर्मा, आदि सभी अध्यापक बंधु उपस्थित रहे।

हिन्दी दैनिक
सूर्योदय भास्कर

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक,विवेक कुमार द्वारा ओम प्रिंटर्स 356/318/366, आलमनगर मानस बिहार राजाजीपुरम लखनऊ (उ.प्र.) 226017 से मुद्रित एवं 6 सी 116 वृन्दावन योजना, तेलीबाग,लखनऊ उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।

संपादक-बबीता यादव
प्रधान सम्पादक :- प्रशांत अवस्थी
उप संपादक :- अमित त्रिवेदी
समुह सम्पादक :- डी.पी. सिंह
स्थानीय संपादक :- जी.एस. तिवारी
संस्थापक :- विवेक कुमार

RNI NO. UPHIN/2023/84452

E-MAIL:– SURYODAY BHASKAR@GMAIL.COM

कार्यालय सम्पर्क-9415461452,7007784396

(पी.आर. बी. एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी)
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन होगा।

चन्दौली में धान खरीद की शुरूआत जिले में बनाए गए 147 क्रय केन्द्र, 2 नवम्बर से शुरू होगी खरीद जिला खाद्य विपणन अधिकारी राघवेन्द्र प्रताप सिंह

'फार्मर रजिस्ट्री' और पंजीकरण अनिवार्य, "पहले आओ, पहले पाओ" के आधार पर होगी खरीद



जिला खाद्य विपणन अधिकारी राघवेन्द्र प्रताप सिंह

सूर्योदय भास्कर जिला संवाददाता

चन्दौली। चन्दौली। जनपद में खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 के अन्तर्गत न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान की खरीद को लेकर प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिलाधिकारी चंद्र मोहन गर्ग के अनुमोदन के बाद जनपद में कुल 147 धान क्रय केन्द्र बनाए गए हैं। यह खरीद आगामी 02 नवम्बर, 2026 से प्रारम्भ होगी।

जिला खाद्य विपणन अधिकारी राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने जानकारी दी है कि किसानों को अपनी उपज का उचित मूल्य दिलाने के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं और क्रय केन्द्रों पर धान खरीद का निर्धारित समय प्रातः 9:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक रहेगा।

किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जनपद के विभिन्न विकास खण्डों में क्रय केन्द्रों का निर्धारण किया गया है, जो खाद्य विभाग, पी०सी०एफ०, पी०सीयू०, यू०पी०एस०एस०, भारतीय खाद्य निगम और मण्डी समिति के अंतर्गत संचालित होंगे। बरहनी ब्लॉक में 32 केन्द्र, चकिया ब्लॉक में 23 केन्द्र, चन्दौली सदर ब्लॉक में 22 केन्द्र, सकलडीहा ब्लॉक में18 केन्द्र, धानापुर ब्लॉक में 15 केन्द्र, शहाबगंज ब्लॉक में 13 केन्द्र, चहनियों ब्लॉक में 11 केन्द्र, नियमताबाद ब्लॉक में 07 केन्द्र, नौगढ़ ब्लॉक में 06 केन्द्र स्थापित किया गया है।

इस वर्ष धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2441 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। इसके अतिरिक्त, किसानों द्वारा सफाई और छनाई के मद में व्यय किए जाने वाले 20 रुपये प्रति क्विंटल की धनराशि भी न्यूनतम समर्थन मूल्य में जोड़कर दी जाएगी। पूरी प्रक्रिया के सुचारू संचालन और पर्यवेक्षण के लिए अपर जिलाधिकारी (वि०/रा०) को जिला खरीद अधिकारी नामित किया गया है। इस वर्ष की धान क्रय नीति में फार्मर रजिस्ट्री को विशेष महत्व दिया गया है। किसानों से मुख्य रूप से फार्मर रजिस्ट्री के आधार पर ही धान क्रय किया जाएगा। जिन किसानों की फार्मर रजिस्ट्री नहीं हुई है, वे गत वर्षों की भांति खाद्य विभाग के पोर्टल fcs.up.gov.iN पर अपना पंजीयन अनिवार्य रूप से करा लें। जिन किसानों की फार्मर रजिस्ट्री में गाटे पूरे नहीं जुड़े हैं, वे प्राथमिकता के आधार पर उन्हें समय से जुड़वा लें ताकि बिक्री के समय किसी प्रकार की असुविधा न हो।

धान खरीद 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर की जाएगी। जो किसान भाई अपना धान विक्रय करने के लिए क्रम निर्धारित कराना चाहते हैं, वे संबंधित धान क्रय केन्द्र पर जाकर अपनी फार्मर रजिस्ट्री या किसान पंजीकरण संबंधी विवरण देकर अपना क्रम दर्ज करा सकते हैं। 01 नवम्बर, 2026 को रविवारीय अवकाश होने के कारण यह प्रक्रिया 02 नवम्बर, 2026 से शुरू होगी। प्रशासन की ओर से स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि क्रय केन्द्रों पर किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। यदि किसी केन्द्र पर अनियमितता या लापरवाही पाई जाती है,

राष्ट्रीय एकता दिवस पर डीडीयू मंडल में एकता शपथ एवं रन फॉर यूनिटी का आयोजन

ब्यूरो सूर्योदय भास्कर

चंदौली - डीआरएम ने कहा-हमारा देश अखंड है और देश की अखंडता व संप्रभुता को हम और मजबूत बनाएंगे

भारत के एकीकरण के शिल्पी लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 151वीं जयंती के अवसर पर शनिवार को राष्ट्रीय एकता दिवस के तहत पूर्व मध्य रेल के पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल में देश प्रेम का उत्साह बढ़ाने के साथ एकता एवं अखंडता का संदेश देने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सुबह 9:30 बजे मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय परिसर में मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना के साथ अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा राष्ट्र की एकता,अखंडता और सुरक्षा बनाए रखने तथा देशवासियों के बीच यह संदेश प्रसारित करने की सामूहिक शपथ ली गयी।

शपथ ग्रहण समारोह के पश्चात डीआरएम उदय सिंह मीना ने हरी झंडी दिखाकर ह्यरन फॉर यूनिटीह्व एकता दौड़ को रवाना किया। उनकी अगुवाई में एकता दौड़ मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय से प्रारंभ होकर डीडीयू जंक्शन होते हुए रेलवे यूरोपियन कॉलोनी स्थित खेल मैदान तक आयोजित हुई। इसमें बड़ी संख्या में रेलवे अधिकारी एवं कर्मचारी,भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के सदस्य तथा खिलाड़ी शामिल हुए।

दौड़ के समापन के बाद खेल मैदान परिसर में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए डीआरएम उदय सिंह मीना ने कहा कि 31 अक्टूबर को लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती है।स्वतंत्रता संग्राम में उनकी अहम भूमिका रही। देश को अखंड बनाने और एक राष्ट्र के रूप में संगठित करने के लिए उन्होंने जो विचार दिए,उसी का परिणाम है कि आज भारत एक मजबूत एवं अखंड राष्ट्र है।उनके इन कार्यों के प्रति श्रद्धांजलि एवं आभार व्यक्त करने तथा एकता का संदेश घर-घर एवं जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से ह्यरन फॉर यूनिटीह्व का आयोजन किया गया।उन्होंने कहाह्वहमारा देश एक है,अखंड है और देश की अखंडता व संप्रभुता को हम और मजबूत बनाएंगे।ह्वउन्होंने आगे कहा कि भारतीय रेल देश का एक अभिन्न अंग है और डीडीयू मंडल भारतीय रेल का अभिन्न अंग है। मंडल न केवल एकता का संदेश दे रहा है,बल्कि भारतीय रेल की हर गतिविधि में बढ़-चढ़कर अग्रणी भूमिका निभा रहा है और आगे भी निभाता रहेगा।देश जिस प्रकार प्रगति के पथ पर अग्रसर है,उसमें डीडीयू मंडल की भी अहम भूमिका रहेगी।

राष्ट्रीय एकता दिवस पर पुलिसकर्मियों ने लगाई एकता की दौड़, एसपी ने दिलाई शपथ

जिले के सभी थानों में आयोजित हुए कार्यक्रम, सरदार पटेल के योगदान को किया याद

सूर्योदय भास्कर ब्यूरो



सीतापुर। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती के अवसर पर शनिवार को जनपद में राष्ट्रीय एकता दिवस उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर पुलिस विभाग की ओर से पुलिस लाइन सहित जिले के समस्त थानों में शपथ ग्रहण समारोह और रन फॉर यूनिटी (एकता दौड़) का आयोजन किया गया।रिजर्व पुलिस लाइन में पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा बनाए रखने की शपथ दिलाई। सभी पुलिसकर्मियों ने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा राष्ट्रीय एकता का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।इस दौरान एसपी सहित पुलिसकर्मियों ने सरदार वल्लभभाई पटेल के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद करते हुए राष्ट्र निर्माण और देश को एकता के सूत्र में पिरोने में उनके ऐतिहासिक योगदान को नमन किया। उनके दृढ़ संकल्प, दूरदर्शिता और आदर्शों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया गया।इसी क्रम में जनपद के सभी थानों एवं निर्धारित स्थानों पर रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। इसमें पुलिस अधिकारियों और जवानों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर राष्ट्रीय एकता, अखंडता और आपसी सद्भाव का संदेश दिया।कार्यक्रम के माध्यम से पुलिसकर्मियों ने सरदार पटेल के एक भारत, श्रेष्ठ भारत के संकल्प को मजबूत बनाने तथा देश की विविधता में एकता की भावना को बनाए रखने का संदेश दिया।

डीएम और एसपी ने जिला कारागार का किया औचक निरीक्षण, बंदियों से जानी समस्याएं

निरीक्षण के दौरान नहीं मिली कोई आपत्तिजनक वस्तु, संबंधित अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

सूर्योदय भास्कर ब्यूरो




सीतापुर। जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने शनिवार को संयुक्त रूप से जिला कारागार सीतापुर का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने जेल की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए विभिन्न व्यवस्थाओं की जांच की। निरीक्षण के दौरान कोई भी आपत्तिजनक वस्तु नहीं मिली।डीएम एवं एसपी ने कारागार में निरुद्ध बंदियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं की जानकारी ली। साथ ही बंदियों की ओर से बताई गई समस्याओं के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।अधिकारियों ने कारागार प्रशासन को व्यवस्थाएं सुचारु बनाए रखने तथा बंदियों को नियमानुसार आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक सहित कारागार के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

पीलीभीत पूरनपुर मार्ग पर आवारा घूम रहे गोवंश से टकराकर धू-धूकर जली कार

आधी रात सड़क हादसे की सूचना से मचा हड़कंप

सूर्योदय भास्कर ब्यूरो



पीलीभीत। जनपद के थाना गजरौला क्षेत्र के ग्राम कैंच के पास शनिवार देर रात एक बड़ा हादसा हो गया। पूरनपुर से पीलीभीत आ रही रेनॉल्ट ट्राइबर कार सड़क पर अचानक आए छुट्टा गोवंश से टकरा गई। टक्कर के बाद कार में अचानक आग लग गई और देखते ही देखते कार धू-धूकर जलने लगी। जानकारी के मुताबिक शनिवार के रात करीब 12:30 बजे कार संख्या वढ37फ9724 पूरनपुर से पीलीभीत की ओर आ रही थी।हादसे के वक्त कार में चालक राकेश कुमार पुत्र तोरप्रकाश, निवासी बाबूगढ़ छावनी, जनपद हापुड़ अकेले सवार थे। घटना की सूचना मिलते ही थाना गजरौला पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू कराया। पुलिस ने फायर ब्रिगेड को बुलाकर आग बुझवाई तथा जली हुई कार को सड़क से हटवाया। हादसे में चालक राकेश कुमार पूरी तरह सुरक्षित रहे।

गजरौला पुलिस की त्वरित कार्रवाई से मौके पर स्थिति को नियंत्रित कर लिया गया। पुलिस की सक्रियता के चलते सड़क पर यातायात व्यवस्था भी जल्द सुचारु करा दी गई। फिलहाल मौके पर शांति व्यवस्था कायम है और आवागमन सामान्य है। हादसे के बाद छुट्टा गोवंश को लेकर एक बार फिर सड़क सुरक्षा पर सवाल खड़े हो गए हैं।

एकता, अखंडता और मानवतावाद की प्रतिमूर्ति थे सरदार पटेल -अचिन मेहरोत्रा

550 से अधिक रियासतों का भारत में विलय कर सरदार पटेल ने रखी अखंड राष्ट्र की नींव

सूर्योदय भास्कर ब्यूरो



सीतापुर। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती शनिवार को जिले में राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अचिन मेहरोत्रा ने नैपालापुर चौराहे पर स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।इस दौरान अचिन मेहरोत्रा ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल एकता, अखंडता और मानवतावाद की प्रतिमूर्ति थे। आजादी के समय जब देश अनेक रियासतों में बंटा हुआ था, तब उन्होंने अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति और कुशल नेतृत्व से 550 से अधिक रियासतों का भारत में विलय कराकर राष्ट्र को एकता के सूत्र में पिरोने का ऐतिहासिक कार्य किया। उनके योगदान के कारण ही उन्हें लौह पुरुष और राष्ट्रीय एकता का शिल्पकार कहा जाता है।उन्होंने कहा कि सरदार पटेल का जीवन और उनके आदर्श आज भी देशवासियों के लिए प्रेरणास्रोत हैं। भारतीय जनता पार्टी उनके बताए मार्ग पर चलते हुए समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर आगे बढ़ रही है। केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार और प्रदेश की योगी सरकार बिना भेदभाव के विकास योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाने का कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि एकता और अखंडता ही सरदार पटेल का मूल संदेश था।अचिन मेहरोत्रा ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम से लेकर आजादी के बाद राष्ट्र निर्माण तक सरदार पटेल का योगदान अविस्मरणीय है। उनकी जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाना उनके विचारों और राष्ट्र के प्रति समर्पण को याद करने का अवसर है।इस मौके पर राजेंद्र यादव, उत्तम पांडेय, अंकुर तिवारी, अंबुज पांडेय, अविरल अवस्थी, हीरा मिश्रा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

सीमा कश्यप पुनः बनाई गयी भाजपा महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष ,फेसबुक, व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम व फोन के मध्यम से दी जा रही है वधाई

2008 से महिला सशक्तीकरण की अलख जगा रहीं भाजपा कार्यकत्री, सामाजिक सेवा से राजनीति तक बनाया विशिष्ट मुकाम

सूर्योदय भास्कर ब्यूरो चीफ



जंगबहादुरगंज खीरी। जनपद लखीमपुर के पसगवां ब्लॉक के कस्बा जंगबहादुरगंज की रहने बाली सीमा कश्यप को भाजपा ने पुनः महिला मोर्चा का जिला उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया है। बता दें कि सीमा कश्यप महिलाओं और बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए वर्षों से प्रयास कर रहीं हैं,महिलाओं एवं बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने और समाज सेवा के उद्देश्य से वर्ष 2008 से निरंतर कार्य कर रहीं। सामाजिक कार्यकत्री ने अब राजनीतिक क्षेत्र में भी अपनी अलग पहचान बनाई है। सामाजिक सेवा से अपने सफर की शुरूआत करने वाली सीमा कश्यप ने वर्ष 2019 में राजनीति में कदम रखा और भारतीय जनता पार्टी के माध्यम से संगठन तथा समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए। पहले महिला मोर्चा बरवर की मण्डल महामंत्री बनाई गयी। उसके बाद कार्य में निपुण देखते हुए बरवर महिला मोर्चा की मण्डल अध्यक्ष बनाई गयी। फिर 2023 में भाजपा महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष बनाई गयी। इसके बाद संगठन ने 2026 में पुनः जिला उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया है।

सीमा कश्यप वर्ष 2008 से सामाजिक संस्था डी.के. महिला समाज कल्याण ग्रामोद्योग सेवा संस्थान के माध्यम से महिलाओं एवं बालिकाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित करती चली आ रही हैं। इनमें सिलाई, कढ़ाई, बुनाई, ब्यूटी पार्लर, स्वादिष्ट व्यंजन बनाने तथा कुटीर उद्योग से जुड़े कार्यों का प्रशिक्षण शामिल है। इन प्रयासों का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को हुनरमंद बनाकर आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त करना रहा। साथ ही महिलाओं और बालिकाओं को केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने तथा जरूरतमंद महिलाओं की हरसंभव सहायता करने का प्रयास किया है।

उनकी संगठनात्मक सक्रियता और कार्यों को देखते हुए वर्ष 2023 में उन्हें भाजपा जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं वर्ष 2026 में पार्टी ने एक बार फिर उन पर विश्वास जताते हुए जिला उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है।

पुनः जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर उन्होंने पार्टी के जिलाध्यक्ष एवं महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने जो विश्वास और जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है, उसका निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ करेंगी। महिलाओं एवं बालिकाओं के सम्मान, स्वावलंबन और सशक्तीकरण के लिए उनका प्रयास निरंतर जारी रहेगा।

सामाजिक सेवा से राजनीतिक जिम्मेदारी तक का उनका सफर महिला सशक्तीकरण और संगठन के प्रति समर्पण की एक मिसाल के रूप में देखा जा रहा है।

सरदार वल्लभ भाई हायर सेकेण्ड्री स्कूल दियरा जिला सुलतानपुर।

साधारण सभा की सूची

वर्ष 2026–2027

क्र. सं.	नाम/पिता का नाम	पता
1	श्रीमती बृजराज कुमारी पत्नी श्री रामानुज प्रताप शाही	7 सप्तरिशी अपार्टमेन्ट, न्यू हैदराबाद लखनऊ।
2	श्री विभलेन्द्र प्रताप शाही पुत्र श्री देवेन्द्र प्रताप शाही	288 देवकाली फैजाबाद जिला अयोध्या 224001
3	श्रीमती अरुणा शाही पतनी श्री आदित्य प्रताप	510/176. दामोदरा अपाईटिस्य हैदराबाद लखनऊ
4	श्री शिवसागर तिवारी पुत्र श्री पृथ्वीपाल तिवारी	ग्राम व पो. गौरा जिला सुलतानपुर
5	श्री ओम प्रकाश सिह पुत्र श्री महादेव सिह	ग्राम नरहरपुर लम्भुआ जिला सुलतानपुर
6	श्री लाल बहादुर सिंह पुत्र श्री	ग्राम व पो.दियरा जिला सुलतानपुर
7	श्री कृष्ण कुमार जायसवाल पुत्र श्री	ग्राम व पो. दियरा जिला सुलतानपुर
8	श्री राम अयुग पाण्डेय पुत्र श्री	ग्राम व पो. दियरा जिला सुलतानपुर
9	राधिका शाही पुत्री श्री रामानुज प्रताप शाही	फ्लैट न. 7 सप्तरिशी अपार्टमेन्ट न्यू हैदराबाद बक्शी का तालाब, लखनऊ उ०प्र०–226007
10	श्रीमती मनीषा सिंह पत्नी श्री यश प्रताप सिंह	म.नं.–182 वार्ड नं–182/05 प्रताप भवन जसो सतना मध्यप्रदेश
11	श्री मार्तण्ड प्रताप सिंह पुत्र श्री आदित्य प्रताप शाही	ग्राम व पो. दियरा जिला सुलतानपुर
12	श्रीमती रूद्राणी राठौर पत्नी श्री विक्रम सिंह राठौर	सी–7 सुलतान हाउस बेनीपार्क जयपुर राजस्थान पिन–302016
13	सिंह श्रीमती विन्देश्वरी सिंह पत्नी श्री पीयूष सिंह	12/635 इन्दिरानगर लखनऊ उ०प्र०
14	श्री श्रीप्रकाश पाठक पुत्र श्री रामकुमार	ग्राम नरेन्द्रपुर पो.किशुनदासपुर जिला गोण्डा उ०प्र०
15	कीर्तेश्वरी सिंह पुत्री ठा०योगेश्वर सिह	58 (1) चन्द्रगुन्ज अलीगंज बक्शी का तालाब लखनऊ 226024
16	श्रीमती चन्दा शाही पत्नी श्री के०पी०शाही	एचआईजी–6 राधापुरम् कालोनी, नियर बिरला मन्दिर जैसिंगपुरा बांगर मथुरा उ०प्र०

सरदार पटेल की 151वीं जयंती पर अधिकारियों-कर्मचारियों ने ली राष्ट्रीय एकता की शपथ

डीएम राजागणपति आर. ने प्रतिमा पर किया माल्यार्पण, सीडीओ दीक्षा जोशी ने भी दिलाई एकता एवं अखंडता की शपथ



सूर्योदय भास्कर ब्यूरो सीतापुर। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती शनिवार को जिले में राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।वहीं मुख्य विकास अधिकारी डॉ. दीक्षा जोशी ने विकास भवन सभागार में सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उन्होंने विकास भवन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सुरक्षा बनाए रखने की शपथ दिलाई।इसी क्रम में जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाते हुए कहा कि सभी को राष्ट्र की एकता, अखंडता और आंतरिक सुरक्षा बनाए रखने के लिए पूरी निष्ठा से अपने दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए। शपथ के माध्यम से सभी ने देश की एकता की भावना को मजबूत करने तथा सरदार वल्लभभाई पटेल के आदर्शों एवं विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।इस अवसर पर सरदार पटेल के राष्ट्र निर्माण में योगदान, दूरदर्शिता और देश की एकता के लिए किए गए ऐतिहासिक कार्यों को याद किया गया। कार्यक्रम में कलेक्ट्रेट के विभिन्न अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

बेलखोर में पशु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन, 201 पशुओं को मिला उपचार एवं परामर्श



सूर्योदय भास्कर संवाददाता गौरीगंज,अमेठी। अदाणी फाउंडेशन टिकरिया द्वारा ग्राम पंचायत बेलखोर में पशुपालकों के हित में पशु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ ग्राम प्रधान कमलाशंकर दुबे द्वारा किया गया।

शिविर में पशुपालन विभाग अमेठी के उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ज्ञान प्रकाश पाठक एवं उनकी टीम द्वारा पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर पशुपालकों को आवश्यक परामर्श दिया गया तथा जरूरत के अनुसार दवाओं का निःशुल्क वितरण किया गया। शिविर के माध्यम से कुल 201 पशुओं को स्वास्थ्य परामर्श एवं दवाओं का लाभ प्रदान किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत बेलखोर के ग्राम प्रधान कमलाशंकर दुबे एवं पंचायत प्रतिनिधि, पशुपालन विभाग अमेठी की टीम तथा अदाणी फाउंडेशन टिकरिया से मोहित शुक्ला एवं योगेश शुक्ला उपस्थित रहे।

बच्चों ने लौह पुरुष के जन्म दिवस पर निकाली रैली



सूर्योदय भास्कर संवाददाता गौरीगंज, अमेठी। लौहपुरुष सरदार बल्लभभाई पटेल के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में गुरुकुल ज्ञान एकेडमी के नन्हे मुन्हे बच्चों द्वारा एक मार्चपास्ट का आयोजन गौरीगंज के सब्जी मंडी तिराहे से लेकर विद्यालय परिसर तक किया गया। बच्चों ने राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में भारत माता की जय,सरदार पटेल अमर रहे के नारों से गुंजायमान कर दिया।

इसी क्रम में विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती निधि सिंह ने सरदार पटेल के राष्ट्र के प्रति प्रेम,समर्पण पर प्रकाश डालते हुए देश को समृद्धशाली बनाने हेतु उनके प्रयासों पर अपनी बात रखी। इस मौके पर श्रीमती संगीता त्रिपाठी,श्रीमती पूजा सिंह,कुड्डू कोमल यादव आलोक कुमार सिंह,कुड्डूजागृति मोदनवाल,श्रीमती अपूर्वा सिंह,श्रीमती प्रियंका तिवारी, आदि लोग उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय एकता दिवस पर हरगांव में निकाली गई जागरूकता रैली, थाना प्रभारी ने दिलाई शपथ



सूर्योदय भास्कर ब्यूरो सीतापुर। राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर शुक्रवार को थाना हरगांव क्षेत्र में जागरूकता रैली निकाली गई। रैली का नेतृत्व थाना प्रभारी निरीक्षक आनंद नारायण त्रिपाठी ने किया। रैली में थाने के अधिकारी एवं कर्मचारीगणों के साथ ग्राम क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों ने भी सहभागिता की।इस दौरान देशभक्ति के नारों के साथ लोगों को राष्ट्रीय एकता, अखंडता और आपसी भाईचारे का संदेश दिया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक आनंद नारायण त्रिपाठी ने कहा कि देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने तथा राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना जागृत करने के उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया जाता है।उन्होंने उपस्थित पुलिसकर्मियों एवं नागरिकों को देश की एकता और अखंडता बनाए रखने की शपथ भी दिलाई। रैली में थाना क्षेत्र के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया।

लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की मनाई गयी जयंती

सूर्योदय भास्कर संबाददाता बरवर खीरी शनिवार को विद्यालय प्यारे लाल पटेल मेमोरियल पब्लिक इंटर कॉलेज भौनापुर बरवर खीरी में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयंती बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।






जयंती के शुभ अवसर पर प्रधानाचार्य विपुल शुक्ला एवं वरिष्ठ अध्यापक राम किशोर यादव ने बताया कि सरदार वल्लभभाई पटेल का जन्म 31 अक्टूबर सन 1875 ई को गुजरात के नडियाड गांव में हुआ था। इनके पिता का नाम झावेर भाई पटेल तथा माता का नाम लाडबा बेन था। गुजरात के बारडोली में बढे हुए लगान के विरुद्ध उन्होंने ऐतिहासिक किसान आंदोलन चलाया। इस सफल आंदोलन के बाद वहां के महिलाओं ने उन्हें सरदार की उपाधि दी। उन्होंने वर्ष 1920 के असहयोग आंदोलन 1930 के सविनय अवज्ञा आंदोलन और 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाई और कई बार जेल भी गए। अपने अटल इरादों से देश के अनेक छोटे-छोटे रियासतों में बंटे भारत को एकता के सूत्र में फिर होने वाले, आधुनिक भारत के शिल्पकार, राष्ट्रीय एकता व अखंडता के प्रतीक, स्वतंत्र भारत के प्रथम गृहमंत्री व उप प्रधानमंत्री, भारत रत्न, लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयंती पर उन्हें शत-शत नमन।

पटेल जी की जयंती के शुभ अवसर पर विद्यालय संचालक - संदीप वर्मा, प्रधानाचार्य -विपुल शुक्ला, वरिष्ठ अध्यापक - श्रीकान्त अवस्थी, रामकिशोर यादव कार्यालय प्रमुख - खिलेन्द्र वर्मा, परीक्षा प्रमुख - विपिन कुमार यादव, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रमुख-प्रदीप सिंह,अवकाश प्रमुख जितेंद्र कुमार अध्यापक - सुखमेल सिंह, सुरजीत वर्मा, रामचन्द्र श्रीवास्तव, धीरेन्द्र शुक्ला, अविनाश बाजपेई ,विशाल वर्मा, अंकित कुमार यादव, आदेश कुमार, अध्यापिका - योगेश कुमारी, अनुपम शर्मा, आरती देवी, हिमांशी शुक्ला, गार्गी वर्मा, ज्योति शुक्ला, निधि वर्मा, आदि सभी अध्यापक बंधु उपस्थित रहे।

उन्नाव में सपा कार्यालय पर लौह पुरुष सरदार पटेल की जयंती पर गोष्ठी





सूर्योदय भास्कर ब्यूरो.. उन्नाव। भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की जयंती के अवसर पर आज समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय, उन्नाव में एक गोष्ठी का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया।

कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष जयचंद्र विमल ने सरदार पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर माल्यार्पण किया और उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर सपा नेत्री अन्नू टंडन ने अपने संबोधन में कहा कि भारत की एकता और अखंडता के शिल्पकार श्रद्धेय सरदार वल्लभभाई पटेल जी ने अपने अटूट संकल्प और दूरदृष्टि से देश की सैकड़ों रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर आधुनिक भारत की नींव रखी। कर्तव्य, साहस और राष्ट्रसेवा से परिपूर्ण उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। उनकी राष्ट्रीय एकता के प्रति प्रतिबद्धता हमें सशक्त, संगठित, आत्मनिर्भर तथा स्वाभिमानी भारत के निर्माण की प्रेरणा प्रदान करती है।

इस अवसर पर आंचल वर्मा, अंकित परिहार, सुरेश पाल, राजेश मिश्रा, धीरेन्द्र यादव, मंजीत यादव, मंटू कटियार, सभासद आरिफ शानू, अशोक सिंह चंदेल, श्री नारायण पाल, अरविन्द यादव, राजेंद्र लोधी, लक्की यादव समेत समाजवादी पार्टी के तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

वोट बचाओ देश बचाओ रैली के लिए अमेठी से रवाना हुए कार्यकर्ता



सूर्योदय भास्कर संवाददाता गौरीगंज,अमेठी। लोकतंत्र, संविधान और देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था की रक्षा के संकल्प के साथ आज दिल्ली के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में आयोजित ह्यवोट बचाओझदेश बचाओह्ल महारैली में शामिल होने के लिए जिला कांग्रेस कमेटी,अमेठी के जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल की अगुवाई में अमेठी संसदीय क्षेत्र से हजारों की संख्या में कांग्रेसजन दिल्ली के लिए रवाना हुए।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं जननायक राहुल गांधी की अगुवाई में आयोजित इस महारैली को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह और जोश देखने को मिला।

जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने कहा कि यह महारैली केवल एक राजनीतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि देश के लोकतंत्र, संविधान और प्रत्येक नागरिक के मताधिकार की रक्षा का जनसंकल्प है। वोट की ताकत ही लोकतंत्र की असली ताकत है और इसकी रक्षा के लिए कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता पूरी मजबूती से संघर्षरत है।

फूड प्वाइजनिंग से प्रभावित मरीजों के इलाज में कोई कमी न रखी जाय : मयंकेश्वर

सूर्योदय भास्कर संवाददाता तिलोई ,अमेठी। प्रदेश सरकार के चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह ने शनिवार को जिला रेफरल चिकित्सालय तिलोई पहुंचकर गांव कोटवा के फूड प्वाइजनिंग से पीड़ित मरीजों से मुलाकात की तथा उनका कुशलक्षेम जाना।



तिलोई विकास क्षेत्र के गांव कोटवा में शरद पूर्णिमा पर आयोजित वार्षिक मेला में दूषित चाट एवं खस्ता खाने से सैकड़ों लोग बीमार हो गये थे जिसमें करीब डेढ़ दर्जन बच्चों को जिला रेफरल चिकित्सालय तिलोई में भर्ती कराया गया था। इसकी जानकारी मिलने पर प्रदेश सरकार के चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह ने शनिवार को अस्पताल पहुंचकर मरीजों एवं उनके परिजनों से आत्मीय संवाद कर उन्हें मिल रहे उपचार, चिकित्सा सुविधाओं एवं स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की साथ ही संबंधित चिकित्सकों से वार्ता कर निर्देशित किया कि सभी प्रभावित मरीजों को बेहतर, गुणवत्तापूर्ण एवं समुचित उपचार उपलब्ध कराने में कोई कमी न रखी जाय। राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह ने कहा कि इस कठिन परिस्थिति में प्रभावित परिवारों के साथ हमारी पूरी संवेदना और सहानुभूति है। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, प्राचार्या डॉ रीना शर्मा, ग्राम प्रधान भास्कर सिंह,दिनेश प्रताप सिंह राठौर,दिनेश पाण्डेय सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

मिशन शक्ति अभियान के तहत मिर्जा इंटरनेशनल यूनिट-2 में महिला श्रमिकों को सुरक्षा और अधिकारों के प्रति किया जागरूक



सूर्योदय भास्कर ब्यूरो... उन्नाव। मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण को लेकर उन्नाव पुलिस ने आज एक जागरूकता अभियान चलाया।

मगरवारा चौकी क्षेत्र के अंतर्गत स्थित मिर्जा इंटरनेशनल यूनिट-2 में आयोजित इस कार्यक्रम में फैक्ट्री में कार्यरत महिला श्रमिकों को उनके अधिकारों, सुरक्षा और कानूनों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में एंटी रोमियो प्रभारी मीना कुमारी सहित मिशन शक्ति टीम मौजूद रही। कार्यक्रम का संचालन परिवार परामर्श समिति प्रभारी डॉ. आशीष श्रीवास्तव ने किया।

टीम ने महिला श्रमिकों को कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न रोकथाम (POSH Act) कानून, गुड टच-बैड टच, पॉक्सो एक्ट और बाल श्रम निषेध कानून के बारे में जागरूक किया।

इस दौरान महिलाओं को आपात स्थिति में मदद के लिए महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों - 112, 1090 (वुमेन पावर लाइन), 181 (महिला हेल्पलाइन), 1098 (चाइल्ड लाइन) और 1930 (साइबर क्राइम) के बारे में भी बताया गया।

कार्यक्रम के अंत में महिला श्रमिकों को जागरूकता पंपलेट वितरित किए गए और उनकी जिज्ञासाओं व समस्याओं का समाधान किया गया। फैक्ट्री मैनेजर स्वामी राठौर ने पुलिस द्वारा चलाए गए इस जागरूकता अभियान की सराहना की।

कलेक्ट्रेट सभागार में धूमधाम से मनाई गई लौह पुरुष सरदार पटेल की 151वीं जयंती





सूर्योदय भास्कर ब्यूरो... उन्नाव/जनपद। कलेक्ट्रेट सभागार में आज जिलाधिकारी श्री घनश्याम मीना की अध्यक्षता में लौह पुरुष, भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 151वीं जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में भव्यता के साथ मनाई गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी ने सरदार पटेल जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सुशील कुमार गोंड, सिटी मजिस्ट्रेट मनोज कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों ने भी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने देश की एकता और अखंडता को मजबूत कर अखंड राष्ट्र के निर्माण में ऐतिहासिक योगदान दिया है। उन्होंने अपनी दूरदर्शिता, दृढ़ इच्छाशक्ति और नेतृत्व क्षमता से देश भर में बिखरी 562 देशी रियासतों का एकीकरण कर भारत को एक सूत्र में पिरोया।

उन्होंने कहा कि खेड़ा और बारडोली सत्याग्रह में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका से प्रभावित होकर बारडोली की महिलाओं ने उन्हें 'सरदार' की उपाधि दी थी। आज भारत भाषा, धर्म, रीति-रिवाज और परंपराओं की विविधता के बावजूद एकता के मार्ग पर आगे बढ़ रहा है और रक्षा, विज्ञान, खेल, साहित्य, तकनीक व संस्कृति जैसे क्षेत्रों में विश्व में परचम लहरा रहा है, यह सब सरदार पटेल की ही देन है। उन्होंने सिविल सेवा को सुदृढ़ करने में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया।

जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों-कर्मचारियों से सरदार पटेल के आदर्शों को आत्मसात कर राष्ट्र की एकता, अखंडता और सामाजिक समरसता बनाए रखने के लिए अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का आह्वान किया।

अपर जिलाधिकारी सुशील कुमार गोंड ने कहा कि सरदार पटेल भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री और गृह मंत्री थे। देश को आजाद कराने और अखंड भारत के निर्माण में उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। भारत सरकार द्वारा उनके जन्मदिवस को 'राष्ट्रीय एकता दिवस' के रूप में मनाया जाता है।

इस अवसर पर विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी पुष्कर सिंह सहित कलेक्ट्रेट के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

शिव महापुराण कथा के दूसरे दिन गौरी में उमड़ा जनसैलाब, 'हर-हर महादेव' से गूंजा पंडाल

...सीहोर वाले पंडित प्रदीप मिश्रा ने सुनाई शिव महिमा और काशी की महत्ता, लाखों भक्त पहुंचे...





सूर्योदय भास्कर ब्यूरो.... बीघापुर, उन्नाव। ग्राम सभा गौरी में आयोजित सात दिवसीय भव्य श्री शिवदीप शिव महापुराण कथा के दूसरे दिन श्रद्धा का सैलाब उमड़ पड़ा। विख्यात कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा (सीहोर वाले) के मुखारविंद से शिव कथा सुनने के लिए उन्नाव ही नहीं, आसपास के जिलों से लाखों की संख्या में शिवभक्त कथा स्थल पर पहुंचे। पूरा पंडाल 'हर-हर महादेव' और 'श्री शिवाय नमस्तुभ्यम' के जयकारों से गुंजायमान रहा।

दूसरे दिन व्यासपीठ से पंडित प्रदीप मिश्रा ने भगवान शिव की महिमा और काशी नगरी की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने शास्त्रों के आलोक में शिव और काशी के अटूट संबंध का वर्णन किया और श्रद्धालुओं को भक्ति मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी।

इस दौरान उन्होंने भक्तों से अपील की कि वे कथा पंडाल में कीमती आभूषण और महंगे मोबाइल फोन लेकर न आएं, ताकि किसी अप्रिय घटना से बचा जा सके। दीपावली पर्व के उपलक्ष्य में उन्होंने आत्मनिर्भर भारत की भावना के तहत स्थानीय कुम्हारों को संबल देने के लिए मिट्टी के दीये उपयोग करने का संदेश भी दिया।

*प्रशासन मुस्तैद, रूट डायवर्जन से लगा जाम

सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। जिलाधिकारी घनश्याम मीना और पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह के निर्देश पर चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात रहा और सीसीटीवी से निगरानी की गई।

मुख्य आयोजक एवं जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष अरुण सिंह ने बताया कि गांधी नगर तिराहे से एनएच-31 स्थित कथा स्थल तक श्रद्धालुओं के लिए निशुल्क बस सेवा संचालित की जा रही है।

वहीं लाखों की भीड़ के चलते सुमेरपुर-बक्सर मार्ग और एनएच-31 पर रूट डायवर्जन लागू किया गया, जिसके कारण भारी वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं। यातायात व्यवस्था संभालने के लिए पुलिस लगातार मुस्तैद रही।

*बांगरमऊ में सरदार पटेल जयंती पर राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया अध्यक्ष रामजी गुप्ता ने लौह पुरुष को किया नमन

कर्मचारियों को दिलाई एकता की शपथ..



बांगरमऊ, उन्नाव। नगर पालिका परिषद बांगरमऊ कार्यालय परिसर में आज लौह पुरुष, भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।

इस अवसर पर नगर पालिका परिषद बांगरमऊ के लोकप्रिय एवं जनप्रिय अध्यक्ष माननीय श्री रामजी गुप्ता जी ने सरदार पटेल जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें शत-शत नमन किया।

मा. अध्यक्ष जी ने उपस्थित समस्त सभासदों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई। उन्होंने सभी को राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करने हेतु सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई।

इस अवसर पर अध्यक्ष जी ने कहा कि सरदार पटेल जी ने देश को एकता के सूत्र में पिरोने का महान कार्य किया है। हमें उनके आदर्शों पर चलकर देश की एकता को अक्षुण्ण बनाए रखना है।

कार्यक्रम में नगर पालिका के अधिकारी, कर्मचारी व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

आसीवन में 139 वें श्रीराम महामहोत्सव की धूम, जय श्रीराम से गूंजा कस्बा

भव्य शोभायात्रा, ऐतिहासिक रामलीला और विशाल भंडारा बना आकर्षण का केंद्र..



सूर्योदय भास्कर ब्यूरो...

उन्नाव / आसीवन। ऐतिहासिक कस्बा आसीवन में करवा चौथ के पावन पर्व पर 139वां भगवान श्रीराम महामहोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। भक्ति, संस्कृति और आस्था के इस संगम में आसपास के दर्जनों गांवों सहित दूर-दराज से आए हजारों श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। पूरा क्षेत्र दिनभर जय श्रीराम के गगनभेदी जयकारों से गुंजायमान रहा।

मेले की शुरूआत दोपहर 1 बजे छोटी बाजार स्थित मेला ग्राउंड से भव्य शोभायात्रा के साथ हुई। गाजे-बाजे के साथ निकली शोभायात्रा में बड़ी संख्या में रामभक्त शामिल हुए। शाम 7 बजे ऐतिहासिक रामलीला का मंचन शुरू हुआ, जिसमें भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन और उनकी लीलाओं की मनमोहक प्रस्तुति ने सभी को भावविभोर कर दिया। बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों में खासा उत्साह देखने को मिला।


महोत्सव के दौरान विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस आयोजन ने धार्मिक आस्था के साथ-साथ सामाजिक समरसता और भाईचारे की मिसाल पेश की।

मेला प्रबंधक एवं संयोजक सौरभ तिवारी ने सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि "भगवान श्रीराम के आदर्श हमारी संस्कृति का मूल आधार हैं। ऐसे आयोजन समाज में एकता और नई पीढ़ी को अपनी विरासत से जोड़ने का कार्य करते हैं।"

इस अवसर पर भिनकीपुर मंदिर के पूज्य महाराज पंडित रामस्वरूप आनंद जी महाराज (ब्रह्मचारी जी) की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में शशांक द्विवेदी, अतुल शुक्ला, मेवा सिंह, रामचंद्र सैनी, धीरज वर्मा, राजकिशोर वर्मा, नीरज वर्मा, संजय गुप्ता, सुभाष पाल, विकास सिंह, पंडित गोपाल शुक्ला सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

बिल्हौर विधायक राहुल बच्चा सोनकर ने की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात, क्षेत्रीय विकास और जनसमस्याओं को लेकर सौंपा मांग पत्र

सूयोदय भास्कर



बिल्हौर विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक राहुल बच्चा सोनकर ने शनिवार को उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने बिल्हौर विधानसभा की कई महत्वपूर्ण व लंबे समय से लंबित समस्याओं तथा जनहित की मांगों को प्रमुखता से मुख्यमंत्री के समक्ष रखा।

?मुलाकात के दौरान विधायक राहुल बच्चा सोनकर ने बिल्हौर विधानसभा क्षेत्र के न्यायिक क्षेत्राधिकार को कानपुर देहात (माती) से हटाकर पुनः कानपुर नगर में स्थानांतरित करने की पुरजोर मांग की। उन्होंने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि वर्तमान व्यवस्था के कारण क्षेत्रीय जनता को अदालती व प्रशासनिक कार्यों के लिए दूर माती जाना पड़ता है, जिससे उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसे पुनः कानपुर नगर से जोड़ने पर आम जनमानस को बड़ी राहत मिलेगी।

?ककवन और चौबेपुर में कस्तूरबा गांधी विद्यालय की मांग बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विधायक ने ककवन और चौबेपुर ब्लॉक में एक-एक कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय (डब्ल्यूश) की स्थापना की मांग भी रखी। उन्होंने बताया कि पूर्व में बिल्हौर और शिवराजपुर में दो कस्तूरबा गांधी विद्यालय स्वीकृत हो चुके हैं, और नए विद्यालयों के बनने से क्षेत्र की बेटियों को उच्च व सुरक्षित शिक्षा प्राप्त करने का बेहतर अवसर मिलेगा।

?बिल्हौर कस्बे में बनेगा नया बस स्टैंड

क्षेत्रीय परिवहन व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से विधायक सोनकर ने बिल्हौर कस्बे के अंदर एक आधुनिक रोडवेज बस स्टैंड का निर्माण कराने की बात भी मुख्यमंत्री जी के समक्ष मजबूती से उठाई। उन्होंने बताया कि बस स्टैंड न होने से यात्रियों को आवागमन में भारी असुविधा होती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने सभी मांगों को ध्यानपूर्वक सुनते हुए उन पर शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

राज्य कोष से वेतन की मांग पर 7500 समितियों में तालाबंदी, ईको गार्डन में डटे सचिव

हड़ताल से खाद वितरण ठप, किसान परेशान



सूर्योदय भास्कर संवाददाता।

बीकेटी लखनऊ। राज्य कोष से नियमित वेतन की मांग को लेकर साधन सहकारी समिति सचिवों ने प्रदेशव्यापी हड़ताल शुरू कर दी है। उत्तर प्रदेश साधन समिति सचिव परिषद के बैनर तले 22 अक्टूबर से प्रदेश की 7500 से अधिक समितियों में तालाबंदी कर दी गई है और सचिव लखनऊ के ईको गार्डन में अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे हैं।

सचिवों का कहना है कि वे सालों से किसानों को खाद-बीज वितरण और सरकारी योजनाओं का काम संभाल रहे हैं, लेकिन उन्हें समिति की आय पर निर्भर रहना पड़ता है। नियमित वेतन न मिलने से आर्थिक संकट गहरा गया है।

हड़ताल का सीधा असर किसानों पर पड़ रहा है। समितियों में खाद होने के बावजूद वितरण बंद है। आलू और गेहूं की बोआई के सीजन में डीएपी-यूरिया के लिए किसानों को भटकना पड़ रहा है।

परिषद ने साफ किया है कि जब तक राज्य कोष से वेतन का शासनादेश जारी नहीं होता, तब तक धरना जारी रहेगा।

एस.आर. डिग्री कॉलेज जेबी गंज में आयोजित नशा मुक्ति कार्यक्रम में विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने छात्रों व युवाओं को किया जागरूक



सूर्योदय भास्कर संबाददाता

मोहम्मदी खीरी। मेरा युवा भारत (MY Bharat) अभियान के तत्वावधान में एस.आर. डिग्री कॉलेज, जेबीगंज में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मोहम्मदी विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने सहभागिता कर युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश दिया।

विधायक ने कहा कि युवा देश का भविष्य हैं। युवाओं को नशे जैसी बुराइयों से दूर रहकर शिक्षा, स्वास्थ्य और सकारात्मक गतिविधियों पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने स्वस्थ, जागरूक और नशामुक्त समाज के निर्माण में युवाओं से सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की।

कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को नशामुक्त जीवन अपनाने तथा सशक्त भारत के निर्माण में योगदान देने का संकल्प दिलाया गया।

35 वर्षों की निष्ठावान सेवा के बाद सेवानिवृत्त हुए सचिव सुभाष शुक्ला, किसानों में छाई उदासी

सूयोदय भास्कर



बिल्हौर कानपुर। शिवराजपुर ब्लॉक स्थित डोड़वा जमोली सहकारी समिति पर पिछले 35 वर्षों से सचिव पद पर तैनात

सुभाष शुक्ला आज अपनी दीर्घकालिक और बेदाग सेवा के बाद सेवानिवृत्त हो गए। उनके रिटायरमेंट की खबर से क्षेत्रीय किसानों में उदासी का माहौल है।

?अपने पूरे कार्यकाल के दौरान सुभाष शुक्ला ने अन्नदाताओं के हितों को सर्वोपरि रखा। धान और गेहूं के बुआई सीजन में जब अक्सर खाद और बीज की किल्लत की समस्या उत्पन्न होती है, तब भी उन्होंने अपनी कुशल कार्यप्रणाली से डोड़वा जमोली सोसाइटी के किसानों को कभी खाद की कमी या किसी अन्य प्रकार की परेशानी नहीं होने दी।

?सेवानिवृत्ति के अवसर पर आयोजित विदाई समारोह में सहकारिता विभाग के अधिकारियों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने उनके योगदान की मुक्तकंठ से सराहना की। इस अवसर पर रेडियो कोऑपरेटिव विवेक कुमार श्रीवास्तव, ब्रांच मैनेजर प्रशांत यादव, कैशियर शुक्ला जी, पंकज दुबे तथा डोड़वा जमोली के ग्राम प्रधान रामजी शुक्ला विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी गणमान्य अतिथियों और किसानों ने सुभाष शुक्ला को शॉल व फूल-माला पहनाकर सम्मानित किया तथा उनके स्वस्थ एवं सुखी भावी जीवन की कामना की।

दीपावली से पहले खाद्य सुरक्षा विभाग ने चहनिया और DDU नगर में की छापेमारी, 'विनायक स्वीट हाउस' का लाइसेंस निलंबित

चहनिया में 'आर्य स्वीट हाउस' से लिए गए नमूने

सूर्योदय भास्कर जिला संवाददाता चन्दौली

चन्दौली। आगामी दीपावली त्योहार के मद्देनजर मिलावटखोरों पर नकेल कसने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन सतर्क है।आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तर प्रदेश (लखनऊ) और जिलाधिकारी चंद्र मोहन गर्ग के आदेश पर, तथा सहायक आयुक्त (खाद्य द्वितीय) चंदौली के निर्देशन में जनपद के विभिन्न कस्बों में सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है।

जनपदीय टीम का नेतृत्व कर रहे मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी कमल निवास त्रिपाठी के नेतृत्व में विभागीय टीम ने चहनिया कस्बे में स्थित आर्य स्वीट हाउस पर अचानक छापा मारा। टीम ने दुकान से बर्फी और चाट के नमूने एकत्र कर जांच के लिए खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला भेज दिए हैं। इसके साथ ही मिठाई निर्माण स्थल का निरीक्षण कर संचालक को साफ-सफाई की चाक-चौबंद व्यवस्था सुनिश्चित करने की कड़ी हिदायत दी गई।

गंदगी मिलने पर विनायक स्वीट हाउस पर हुई कार्यवाही, लाइसेंस तुरंत सस्पेंड

उधर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर (मुगलसराय) में राज्य सचल दल (अंतर्जनपदीय टीम) द्वारा सघन जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान कैलाशपुरी स्थित विनायक स्वीट हाउस की निर्माण इकाई का जब बारीकी से निरीक्षण किया गया, तो वहां अत्यधिक गंदगी पाई गई। गंभीर अनियमितता को देखते हुए जांच टीम ने प्रतिष्ठान का लाइसेंस निलंबित करने की तुरंत संस्तुति की। इस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए सहायक आयुक्त (खाद्य द्वितीय) धीरेंद्र प्रताप सिंह ने 'विनायक स्वीट हाउस' का लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। इसके अलावा, कस्बे की अन्य दुकानों का निरीक्षण कर पाई गई कमियों के आधार पर उन्हें 'सुधार नोटिस' जारी किया गया है।

सहायक आयुक्त (खाद्य द्वितीय) धीरेंद्र प्रताप सिंह ने स्पष्ट किया कि दीपावली पर आम जनता के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वाले मिलावटखोरों और नियमों का उल्लंघन करने वाले खाद्य कारोबारियों के खिलाफ शून्य सहनशीलता की नीति अपनाई जाएगी। संकलित नमूनों की लैब रिपोर्ट आते ही दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

आज की छापेमारी दल में मुख्य रूप से खाद्य सुरक्षा अधिकारी रणधीर सिंह यादव एवं अरविंद कुमार शामिल रहे।

न्यायाधिकरण उ0प्र0 द्वारा पारित विभिन्न आदेशों पर अनुपालन हेतु

सूर्योदय भास्कर ब्यूरो रिपोर्ट

सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी हरदोई ने सूचित किया है कि संभागीय परिवहन प्राधिकरण लखनऊ की बैठक दिनांक 03.11.2026 को अपरान्ह 12.00 बजे से आयुक्त लखनऊ मण्डल, लखनऊ के सभागार कक्ष में होना नियत की गयी है। बैठक में लखनऊ संभाग के अन्तर्गत सभी जनपदों से सम्बन्धित समस्त प्रकार के परमिटों के प्रकरणों पर व अन्य नीतिगत विषयों पर विचार कर निर्णय करने के साथ-साथ मा० उच्च न्यायालय व मा० राज्य परिवहन अपीलीय न्यायाधिकरण उ०प्र० द्वारा पारित विभिन्न आदेशों पर अनुपालन हेतु पारित विभिन्न आदेशों पर अनुपालन हेतु प्राधिकरण के समा संबंधित प्रकरण प्रस्तुत किये जायेंगे।

उन्होंने बताया कि संबंधित समस्त हितबद्ध पक्ष उक्त बैठक में निर्धारित दिनांक व समय पर उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं।

बाइक की टक्कर से घायल अधेड की इलाज के दौरान मौत

सूर्योदय भास्कर ब्यूरो चीफ





लखीमपुर खीरी। गुलरिया गांव में तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से घायल हुए ग्रामीण की इलाज के दौरान मौत हो गई। मौत की खबर से परिवार में कोहराम मच गया है।

बताया जा रहा है कि यह हादसा गुलरिया गांव में 16 अक्टूबर को हुआ था। बम्हनपुर निवासी एक युवक तेज रफ्तार बाइक संख्या यूपी 31 उउ 7427 से आ रहा था। उसने पैदल जा रहे मुबारक पुत्र असगर, 55 वर्ष निवासी गुलरिया को जोरदार टक्कर मार दी थी। टक्कर के बाद अनियंत्रित बाइक दीवार से जा भिड़ी थी।

इस हादसे में पैदल यात्री मुबारक के साथ बाइक पर सवार दो युवक नीरज पुत्र रामचंद्र, 19 वर्ष और विष्णु पुत्र रामकुमार, 20 वर्ष निवासी सुरजी पुरवा, थाना निघासन भी गंभीर रूप से घायल हो गए थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाइक सवार युवक बिना हेलमेट के थे, जिससे उनके सिर में गंभीर चोट आई थी।

सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से तीनों घायलों को बिजुआ सीएचसी ले जाया गया था। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद मुबारक और विष्णु की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल लखीमपुर-खीरी रेफर कर दिया था।

परिजनों के अनुसार मुबारक की हालत में सुधार न होने पर उन्हें लखनऊ रेफर किया गया था, जहां बीती रात 30 अक्टूबर को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

परिजनों ने पुलिस से तेज रफ्तार बाइक चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

धूमधाम से मनाई गई सरदार पटेल की 151वीं जयंती

सूर्योदय भास्कर संबाददाता



मोहम्मदी खीरी। ऐप्जा पत्रकार संगठन के? पदाधिकारियों ने लौह पुरुष, भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती बड़े ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई । कार्यक्रम में संस्थान के सभी पदाधिकारी एवं समाज के वरिष्ठजन मौजूद रहे। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने सरदार पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने में उनके अतुलनीय योगदान को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि सरदार पटेल ने अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति और दूरदर्शी नेतृत्व से देश की रियासतों का एकीकरण कर भारत को एक सूत्र में पिरोने का ऐतिहासिक कार्य किया था।

कार्यक्रम के दौरान सरदार पटेल के आदर्शों पर चलने, समाज में एकता, भाईचारा एवं आपसी सद्भाव बनाए रखने का संकल्प लिया गया।

अंत में सभी ने लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल को नमन करते हुए उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

आचार्य नरेंद्र देव ने शिक्षा के साथ राजनीति को भी दी नई दिशा- कुलपति

आचार्य नरेंद्र देव की जयंती पर कृषि विवि में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन, "रन फॉर यूनिटी" में तीन किमी. दौड़े छात्र-छात्राएं, कुलपति ने किया सम्मानित

कुमारगंज [अयोध्या]। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में शिक्षाविद व समाज सुधारक आचार्य नरेंद्र देव की जयंती धूम-धाम के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में महात्मा बुद्ध कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कुशीनगर के कुलपति डॉ. राम जी सिंह ने बतौर मुख्यअतिथि शिरकत की। कुलपति बनने के बाद पहली बार कुलपति कृषि विवि पहुंचे और कुशीनगर के छात्र-छात्राओं की प्रतिभा को भी देखा। कुलपति डा. ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह व अन्य अतिथियों ने आचार्य नरेंद्र देव व सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर रन "रन फॉर यूनिटी" एवं भाषण प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

बातौर मुख्यअतिथि डा. रामजी सिंह ने कहा कि इस विश्वविद्यालय ने आचार्य नरेंद्र देव के नाम को चरितार्थ किया है और पूर्वांचल के विकास में अग्रणी भूमिका निभाई है। उद्यान एवं वानिकी के क्षेत्र में आचार्य नरेंद्र देव का नाम रौशन होता है। उन्होंने कहा कि शिक्षक हो या छात्र, अपने व्यक्तित्व को गढ़ने की जरूरत है। हर व्यक्ति को छात्र, शिक्षक और प्रशासक के रूप में आगे बढ़ते रहना चाहिए। कुलपति डा. सिंह ने कहा कि आचार्य नरेंद्र देव शिक्षक रहते हुए भी राजनीति को नई दिशा दी थी। वे इस कृषि विवि में 2002 से 2008 तक कार्यरत रहे और इस विवि से उनका परिवार जैसा जुड़ाव था।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति डा. ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह ने लौह पुरुष सरदार पटेल को याद करते हुए कहा कि वे आधुनिक भारत के निमार्ता थे। देश और समाज के उत्थान के प्रति उनका योगदान महत्वपूर्ण था। इस मौके पर कुलपति ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को भी याद किया और उन्हें श्रद्धांजलि दी। कुलपति ने कहा कि जबतक कुशीनगर कृषि विवि का निर्माण नहीं हो जाता तबतक छात्र-छात्राएं यहीं शिक्षा ग्रहण करेंगे और उन्हें किसी प्रकार की समस्याएं नहीं होने दी जाएगी।

इस मौके पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में हर्षिता जायसवाल प्रथम, रितेश व सर्वेश दूसरे व नंदिनी तीसरे स्थान पर रहीं। वहीं "रन फॉर यूनिटी" छात्रा वर्ग में अनामिका प्रथम, नैना द्वीतीय व रोली आकृति तृतीय रहीं। छात्र में मोहित प्रथम, कमलदीप द्वीतीय व प्रशांत तीसरे स्थान पर रहे। कर्मचारी में डॉ. अजय राजभर को सम्मानित किया गया। स्वागत संबोधन डा. भगवानदीन व अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन डा. डा. डी.नियोगी ने दिया। कार्यक्रम का संचालन डा. सुप्रिया ने किया। इस मौके पर विवि के समस्त अधिष्ठाता, निदेशक, शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

कोस्मो फर्स्ट अयोध्या में लेकर आए पीवीसी-फ्री ग्रीन ग्राफिक फिल्म्स



अयोध्या। कोस्मो फर्स्ट, अपने कोस्मो फिल्म्स बिजनेस के माध्यम से, अयोध्या में लेकर आए हैं ग्रीन ग्राफिक फिल्म्स- जो व्यवसायों, प्रिंटरों और साइनबोर्ड निमार्ताओं को पारंपरिक पीवीसी-आधारित ग्राफिक फिल्मों का पीवीसी-मुक्त विकल्प प्रदान करती हैं। विजुअल अपील और मटीरियल इनोवेशन के संयोजन से डिजाइन किया गया यह प्रोडक्ट ऐसे ब्रांडिंग समाधानों की बढ़ती जरूरत को पूरा करता है, जो गुणवत्ता और प्रत्यास्थता के साथ ग्राफिक्स के जिम्मेदार विकल्प प्रदान करें।

इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए, कोस्मो फिल्म्स के ग्लोबल बिजनेस हेड, श्री कुलभूषण मलिक ने कहा आजकल व्यवसाय केवल ब्रांडिंग मटीरियल के विजुअल अपील के दायरे से बढ़कर, इसकी बनावट, कार्यक्षमता और सस्टेनेबिलिटी को भी ध्यान में रखते हैं। ग्रीन ग्राफिक फिल्म्स के साथ, हम मार्केट में एक नया और पीवीसी-रहित विकल्प ला रहे हैं जो प्रिंट की बेहतरीन गुणवत्ता, लाईटवेट में कई फिनिश के विकल्प पेश करता है। इस समय ज्यादातर व्यवसाय दिवाली की तैयारियों में जुटे हैं, ऐसे में वे विजुअल अपील के साथ कोई समझौता किए बिना त्योहारों के दौरान प्रमोशन के लिए नए-नए विकल्प आजमाना चाहते हैं।

पॉलीप्रोपाइलीन से निर्मित, कोस्मो ग्रीन ग्राफिक फिल्म्स 100 फीसदी पीवीसी-रहित, थैलेट-रहित और हैलोजन-रहित हैं। पारंपरिक पीवीसी-आधारित ग्राफिक फिल्मों की तुलना में, ये एक अलग मटीरियल कम्पोजिशन और लाईटवेट कंस्ट्रक्शन से बनाए गए हैं, जिससे हैंडलिंग और इंस्टॉलेशन आसान हो जाता है। ये फिल्में सॉल्वेंट, इको-सॉल्वेंट, यूवी और एचपी लेटेक्स प्रिंटिंग तकनीकों का सपोर्ट करती हैं, जिससे स्पष्ट ग्राफिक्स और वाइब्रेन्ट रंग मिलते हैं। ये फिल्में ग्लॉस और मैट फिनिश में क्लियर और ग्रे एडहेसिव विकल्पों में उपलब्ध हैं, तथा व्यवसायों की विभिन्न ब्रांडिंग और डिस्प्ले संबंधी जरूरतों को पूरा करती हैं। रीसायक्लेबल होने के कारण से सस्टेनेबिलिटी को भी बढ़ावा देती हैं।

दिवाली के सीजन को देखते हुए यह नया प्रोडक्ट खासतौर पर प्रासंगिक हो जाता है जब रिटेलर, शोरूम, रेस्तरां और अन्य व्यवसाय ग्राहकों को लुभाने के लिए फेस्टिव साइनबोर्ड और प्रमोशनल डिस्प्ले में निवेश करते हैं। ग्रीन ग्राफिक फिल्म्स का उपयोग दुकान के साइनबोर्ड, विंडो ग्राफिक्स, स्टोर की सजावट, पॉइंट-ऑफ-सेल डिस्प्ले और प्रमोशनल पैनल के लिए किया जा सकता है। ऐसे में यह त्योहारों के दौरान विजुअल कम्युनिकेशन के लिए पारंपरिक पीवीसी-आधारित मटीरियल का अच्छा विकल्प है। इस सीजन के अलावा भी इन फिल्मों का उपयोग रिटेल ब्रांडिंग, इवेंट ग्राफिक्स और प्रमोशन के अन्य ऐप्लीकेशन्स में भी किया जा सकता है, बशर्ते कि वे कथित इस्तेमाल के लिए उपयुक्त हों।

ग्रीन ग्राफिक फिल्म्स के माध्यम से, कोस्मो फर्स्ट ग्राहकों की बदलती जरूरतों को पूरा करने वाले नए और इनोवेटिव समाधान विकसित करने पर लगातार ध्यान दे रहा है। प्रिंट के बेहतरीन परफोर्मेन्स, इस्तेमाल में प्रत्यास्थता और पीवीसी- रहित संरचना के संयोजन द्वारा कंपनी का लक्ष्य प्रिंटर्स, साइनेज निमार्ताओं और ब्रांड्स को ऐसा विकल्प प्रदान करना है, जो उनके सीजनल कैपेन और रोजमर्रा की ब्रांडिंग जरूरतों के लिए जिम्मेदार विजुअल कम्युनिकेशन प्रदान करें।

विधवा के बाग पर चली आरी! 18 हजार के तीन पेड़ कटवाने का आरोप, विरोध किया तो दी धमकी; मुकदमा दर्ज

सूर्योदय भास्कर ब्यूरो रिपोर्ट

अतरौली, हरदोई। हरदोई में एक विधवा महिला के बाग में खड़े कीमती पेड़ों को लेकर विवाद सामने आया है। आरोप है कि बाग में खड़े यूकेलिप्टस के तीन मोटे पेड़ों को कथित तौर पर बिकवाकर कटवा दिया गया। जब महिला ने इसका विरोध किया तो गाली-गलौज करते हुए मारपीट के लिए दौड़ाने और जान-माल की धमकी देने का आरोप लगा। पीड़िता की शिकायत पर अतरौली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

बाग में खड़े तीन पेड़ कटे, 18 हजार रुपये का नुकसान होने का दावा

मामला अतरौली थाना क्षेत्र के शंकरपुर मजरा रायपुर सोमवंशी गांव का है। यहां की निवासी रेखा देवी पत्नी स्वर्गीय रामप्रसाद ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि उन्होंने अपने बाग में यूकेलिप्टस के पेड़ लगा रखे थे। आरोप है कि संतराम, रामजीवन और कैलाश पुत्रगण रतनू ने गांव के ही मुनान के माध्यम से उनके बाग के तीन मोटे पेड़ बिकवाकर कटवा दिए। पीड़िता के मुताबिक, इन पेड़ों की कीमत करीब 18 हजार रुपये थी।

विरोध किया तो गाली-गलौज और धमकी देने का आरोप

रेखा देवी के अनुसार, जब उन्हें पेड़ काटे जाने की जानकारी हुई तो उन्होंने 5 अक्टूबर 2026 को इस संबंध में आरोपियों से बात की। आरोप है कि इस पर उनके साथ गाली-गलौज की गई और मारपीट करने के लिए दौड़ाया गया। पीड़िता ने जान-माल की धमकी दिए जाने का आरोप भी लगाया है।

विधवा महिला ने लगाई न्याय की गुहार, पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

पीड़िता ने 30 अक्टूबर 2026 को अतरौली थाने में प्रार्थना पत्र देकर मामले की जांच और आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की थी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

सरदार पटेल के अखंड भारत का सपना साकार करने की जिम्मेदारी युवाओं पर: कुलपति

151वीं जयंती पर अवध विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह आयोजित, निबंध एवं पोस्टर प्रतियोगिता के विजेता सम्मानित



अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में शनिवार को लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर सरदार पटेल राष्ट्रीय एकात्मता केंद्र की ओर से मुख्य परिसर स्थित संत कबीर सभागार में व्याख्यान एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया।

समारोह की अध्यक्षता करते हुए कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल आधुनिक भारत के शिल्पकार और अदम्य इच्छाशक्ति के प्रतीक थे। युवा पीढ़ी को उनके जीवन मूल्यों, अनुशासन और राष्ट्र प्रथम की भावना को अपने आचरण में आत्मसात करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल ने जिस सशक्त, समृद्ध और अखंड भारत की परिकल्पना की थी, उसे नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने की जिम्मेदारी आज के युवाओं के कंधों पर है।

राष्ट्रीय एकता दिवस पर विद्यार्थियों ने लगाई एकता की दौड



सूर्योदय भास्कर ब्यूरो अम्बेडकरनगर! डीएवी पब्लिक स्कूल टांडा में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस बड़े ही हर्षोल्लास, उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया! इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एकता, अखंडता, आपसी भाईचारे और देशप्रेम का संदेश दिया गया! कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य एवं एआरओ, यूपी जोन (ई), डॉ. डीके मिश्रा तथा शिक्षकगण द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देने के साथ हुआ! इस दौरान सभी ने राष्ट्र निर्माण में सरदार पटेल के अतुलनीय योगदान को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों ने देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने की शपथ ली! सभी ने संकल्प लिया कि वे देश की एकता और सामाजिक सद्भाव को मजबूत करने के लिए सदैव अपना योगदान देंगे! कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण 'रन फॉर यूनिटी' रहा, जिसका आयोजन विद्यालय के शारीरिक शिक्षक रुपेश त्रिपाठी की देखरेख में किया गया! इस आयोजन में विद्यार्थियों ने पूरे जोश, उत्साह और उमंग के साथ प्रतिभाग किया! दौड़ के माध्यम से बच्चों ने एकता, अनुशासन, सामूहिकता और स्वस्थ जीवनशैली का संदेश दिया! विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी ने कार्यक्रम को विशेष रूप से आकर्षक बना दिया! इस अवसर पर डॉ. डी.के. मिश्रा ने सरदार वल्लभभाई पटेल के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सरदार पटेल ने अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति, दूरदर्शिता और अदम्य साहस के बल पर देश की रियासतों का एकीकरण कर अखंड भारत के निर्माण में ऐतिहासिक भूमिका निभाई! उनका जीवन हम सभी के लिए राष्ट्रीय एकता, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा की प्रेरणा है! उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे जाति, धर्म, भाषा और क्षेत्र के भेदभाव से ऊपर उठकर राष्ट्र की एकता एवं अखंडता को बनाए रखने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं! कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को यह संदेश दिया गया कि राष्ट्र की वास्तविक शक्ति उसकी एकता और सामूहिकता में निहित है!!

पूंजीवादी साम्राज्यवाद ने ही मीडिया को दिया कॉरपोरेट का दर्जा

सूर्योदय भाष्कर



बिजनौर। मीडिया आज के दौर का सबसे महत्वपूर्ण और प्रभावशाली माध्यम बन चुका है। लोगों की विचारधारा को प्रभावित करने, जनमत तैयार करने और सामाजिक माहौल को दिशा देने में इसकी अहम भूमिका है। व्यापार, उद्योग, धर्म, राजनीति, संस्कृति और सभ्यता सहित जीवन का शायद ही कोई क्षेत्र हो, जहां मीडिया का प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से इस्तेमाल न किया जाता हो।

पूंजीवादी व्यवस्था में मीडिया का उपयोग आर्थिक और व्यावसायिक हितों को साधने के लिए भी किया जाता है। इसी प्रक्रिया में मीडिया के एक बड़े हिस्से का स्वरूप कॉरपोरेट मीडिया के रूप में विकसित हुआ है, जहां समाचारों के उत्पादन, प्रसारण, वितरण और मीडिया संस्थानों में पूंजी निवेश पर बड़े औद्योगिक घरानों तथा बहुराष्ट्रीय कंपनियों का प्रभाव बढ़ता गया है।

क्या है कॉरपोरेट मीडिया?

कॉरपोरेट मीडिया से आशय ऐसी व्यवस्था से है, जिसमें मीडिया संस्थानों के स्वामित्व, संचालन, सामग्री के प्रसारण और आर्थिक नीतियों पर बड़े व्यावसायिक समूहों, निवेशकों, शेयरधारकों तथा विज्ञापनदाताओं का प्रभाव रहता है। ऐसी व्यवस्था में लाभ कमाने और व्यावसायिक हितों को प्राथमिकता मिलने की आशंका रहती है। इससे जनहित, जनसमस्याओं और सामाजिक सरोकारों से जुड़े मुद्दों को पर्याप्त स्थान मिलने पर सवाल खड़े होते हैं।

भारत में 1990 के दशक में आर्थिक उदारीकरण, निजीकरण और वैश्वीकरण की नीतियों के बाद मीडिया क्षेत्र में भी बड़े बदलाव देखने को मिले। निजी टेलीविजन चैनलों और विदेशी मीडिया कंपनियों की भागीदारी बढ़ी। भारत का विशाल दर्शक वर्ग मीडिया कंपनियों के लिए एक बड़ा बाजार बनकर उभरा। इसके साथ ही मीडिया के स्वामित्व, निवेश और विज्ञापन आधारित कारोबारी मॉडल का विस्तार हुआ।

मीडिया को सरकारी नियंत्रण से मुक्त रखना अपने आप में गलत नहीं है, क्योंकि स्वतंत्र पत्रकारिता लोकतंत्र की बुनियादी जरूरत है। लेकिन जब मीडिया संस्थानों पर कुछ बड़े कारोबारी समूहों का प्रभाव बढ़ने लगता है, तो उनकी स्वतंत्रता और निष्पक्षता को लेकर सवाल उठना स्वाभाविक है। लोकतंत्र का चौथा स्तंभ तभी अपनी जिम्मेदारी पूरी कर सकता है, जब वह सत्ता, पूंजी और अन्य प्रभावशाली वर्गों से स्वतंत्र रहकर जनता के हितों को प्राथमिकता दे।

विज्ञापन के दबाव में पत्रकारिता

मीडिया के आर्थिक ढांचे में विज्ञापन की महत्वपूर्ण भूमिका है। कंपनियां अपने उत्पादों और सेवाओं के प्रचार के लिए समाचार पत्रों, टेलीविजन चैनलों और डिजिटल प्लेटफॉर्म का सहारा लेती हैं। यह व्यवस्था आर्थिक दृष्टि से स्वाभाविक है, लेकिन समस्या तब पैदा होती है, जब विज्ञापन से होने वाली कमाई समाचारों की प्राथमिकता और संपादकीय निर्णयों को प्रभावित करने लगती है।

आज कई मीडिया संस्थानों में विज्ञापन जुटाने के लिए अलग-अलग व्यवस्थाएं काम करती हैं। विज्ञापन कंपनियां आकर्षक चित्रों, लोकप्रिय हस्तियों, फिल्मों और खेल जगत के चेहरों के माध्यम से उत्पादों को इस तरह प्रस्तुत करती हैं कि उपभोक्ता उन्हें अपनी जरूरत समझने लगते हैं। इसका असर लोगों की खरीदारी की आदतों और जीवनशैली पर भी पड़ सकता है।

विज्ञापन आधारित उपभोक्तावाद के कारण कई बार आवश्यकताओं और इच्छाओं के बीच का अंतर धुंधला पड़ जाता है। लोग सामाजिक प्रतिष्ठा या प्रचार से प्रभावित होकर ऐसी वस्तुओं पर खर्च करने लगते हैं, जिन्हें खरीदना उनकी वास्तविक जरूरत नहीं होती। ऐसे में यह सवाल महत्वपूर्ण हो जाता है कि मीडिया जनजागरूकता बढ़ाने का माध्यम है या उपभोक्तावादी संस्कृति को बढ़ावा देने का साधन।

जब समाचारों और कार्यक्रमों की तुलना में विज्ञापन को अधिक महत्व दिया जाने लगता है, तो पत्रकारिता का मूल उद्देश्य प्रभावित होता है। समाचार बुलेटिनों के बीच विज्ञापनों की भरमार और समाचार पत्रों में विज्ञापनों के लिए बढ़ती जगह इस बहस को और गंभीर बनाती है। कभी-कभी विज्ञापन की अधिकता के कारण समाचारों को मिलने वाला स्थान भी सीमित हो जाता है।

संपादकीय फैसलों पर विज्ञापनदाताओं का प्रभाव

कॉरपोरेट मीडिया से जुड़ी एक प्रमुख चिंता यह भी है कि विज्ञापनदाताओं के आर्थिक हित समाचारों के चयन और प्रस्तुति को प्रभावित कर सकते हैं। यदि किसी खबर से बड़े कारोबारी समूहों के हित प्रभावित होते हों, तो उसे प्रमुखता देने या उससे दूरी बनाए रखने के फैसले पर सवाल उठ सकते हैं।

पत्रकारिता का उद्देश्य पाठकों और दर्शकों तक तथ्यपरक, निष्पक्ष और महत्वपूर्ण सूचनाएं पहुंचाना है। इसलिए समाचारों का चयन उनकी सार्वजनिक उपयोगिता, सामाजिक प्रभाव और जनहित के आधार पर होना चाहिए, न कि केवल विज्ञापन से होने वाली कमाई के आधार पर। समाचार पत्रों की कीमत और उनकी वास्तविक उत्पादन लागत के बीच अंतर को भी समझना जरूरी है। कई प्रकाशनों की आय का बड़ा हिस्सा विज्ञापनों से आता है। ऐसे में संपादकीय विभाग और विज्ञापन विभाग के बीच संतुलन बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है, ताकि व्यावसायिक दबाव समाचारों की स्वतंत्रता को प्रभावित न कर सके। चमक-दमक वाली खबरों को प्राथमिकता, जनसमस्याएं पीछे

कॉरपोरेट मीडिया की आलोचना का एक बड़ा आधार यह है कि मनोरंजन, फिल्मी हस्तियों, चर्चित व्यक्तियों और सनसनीखेज घटनाओं को कई बार जरूरत से ज्यादा समय और स्थान दिया जाता है। इसके विपरीत किसानों की समस्याएं, बेरोजगारी, गरीबी, महंगाई, कुपोषण, स्वास्थ्य सेवाओं की कमी और सामाजिक असमानता जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों को अपेक्षित प्राथमिकता नहीं मिल पाती।

फिल्मी हस्तियों के निजी जीवन, विवाह समारोहों और चर्चित घटनाओं का लगातार प्रसारण दर्शकों का ध्यान आकर्षित कर सकता है। इसी तरह किसी बचाव अभियान या बड़ी घटना का लगातार प्रसारण भी दर्शकों की रुचि का विषय बनता है। हालांकि, ऐसे समाचारों की कवरेज अपने आप में अनुचित नहीं है; सवाल यह है कि क्या इसके साथ-साथ आम जनता की गंभीर समस्याओं को भी पर्याप्त जगह दी जा रही है?

किसानों की आर्थिक परेशानियां, ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार की कमी, गरीब परिवारों की स्वास्थ्य संबंधी कठिनाइयां और बच्चों में कुपोषण जैसे विषय समाज के बड़े वर्ग को प्रभावित करते हैं। इन मुद्दों पर लगातार और तथ्यपरक रिपोर्टिंग करना मीडिया की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।

यदि मीडिया का अधिकांश ध्यान उन्हीं घटनाओं पर केंद्रित हो जाए, जिनसे अधिक दर्शक, लोकप्रियता या विज्ञापन मिलते हैं, तो लोकतंत्र में उसकी भूमिका सीमित होने का खतरा पैदा हो जाता है।

स्थानीय पत्रकारिता के सामने चुनौतियां

स्थानीय समाचार पत्र और पत्रिकाएं जनता की समस्याओं को सामने लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, भ्रष्टाचार और प्रशासनिक लापरवाही जैसे मुद्दों की जानकारी स्थानीय पत्रकारिता के माध्यम से ही व्यापक स्तर पर पहुंचती है।

इसके बावजूद छोटे और स्थानीय मीडिया संस्थानों को आर्थिक संसाधनों, विज्ञापन और वितरण संबंधी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। बड़े मीडिया समूहों के मुकाबले सीमित संसाधनों के कारण उनकी पहुंच और प्रभाव भी प्रभावित हो सकता है। कई स्थानीय प्रकाशनों के लिए नियमित रूप से प्रकाशित होते रहना भी चुनौतीपूर्ण बन जाता है। ऐसे में स्थानीय पत्रकारिता को मजबूत करना आवश्यक है, क्योंकि यही पत्रकारिता आम नागरिकों की आवाज को प्रशासन और शासन तक पहुंचाने का प्रभावी माध्यम बन सकती है।

पूंजी के प्रभाव से कैसे बचेगी पत्रकारिता?

मीडिया की स्वतंत्रता केवल सरकारी नियंत्रण से मुक्ति तक सीमित नहीं होनी चाहिए। उसे आर्थिक दबावों, विज्ञापनदाताओं के प्रभाव और स्वामित्व के केंद्रीकरण से भी सुरक्षित रखना जरूरी है। इसके लिए संपादकीय स्वतंत्रता, पारदर्शी स्वामित्व व्यवस्था, तथ्यपरक रिपोर्टिंग और जनहित से जुड़े समाचारों को प्राथमिकता देना आवश्यक है।

पत्रकारिता का मूल्यांकन केवल उसकी कमाई, दर्शक संख्या या प्रसार के आधार पर नहीं होना चाहिए। उसकी वास्तविक सफलता इस बात में है कि वह समाज के कमजोर और वंचित वर्गों की समस्याओं को कितनी गंभीरता से उठाती है, सत्ता और संस्थानों से कितने कठिन सवाल पूछती है तथा जनता तक कितनी विश्वसनीय जानकारी पहुंचाती है। निष्कर्षतः, मीडिया लोकतंत्र का महत्वपूर्ण स्तंभ है। उसका दायित्व केवल सूचना देना या मनोरंजन करना नहीं, बल्कि समाज को जागरूक बनाना, जनहित के मुद्दों को सामने लाना और सत्ता तथा प्रभावशाली वर्गों की जवाबदेही सुनिश्चित करना भी है। यदि पत्रकारिता पर पूंजी और विज्ञापन का दबाव हावी हो जाता है, तो उसकी निष्पक्षता और विश्वसनीयता प्रभावित हो सकती है। इसलिए जरूरी है कि मीडिया व्यावसायिक हितों और सामाजिक जिम्मेदारियों के बीच संतुलन बनाए रखे तथा जनता के सवालों को प्राथमिकता दे

बीकापुर के जैनपुर गांव की घटना, पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा

अयोध्या। कोतवाली बीकापुर क्षेत्र के जैनपुर गांव में शनिवार को तालाब के किनारे एक महिला का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकलवाकर जांच-पड़ताल शुरू कर दी।

मृतका की पहचान जैनपुर निवासी जबरा पत्नी पप्पू महावत के रूप में हुई है। परिजनों के मुताबिक, तीन दिन पहले शाम को जबरा का अपने पति से विवाद हुआ था। बताया गया कि वह शराब के नशे में थीं। विवाद के बाद गुस्से में घर से निकल गई थीं। इसके बाद से ही परिजन उनकी तलाश कर रहे थे। शनिवार को घर के पास तालाब के किनारे उनका शव मिलने की जानकारी पर परिवार में कोहराम मच गया। मृतका की बहू पूनम ने बताया कि परिवार के लोग लगातार उनकी तलाश कर रहे थे, लेकिन इस तरह की घटना की आशंका नहीं थी।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। महिला की मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसका पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है।

अयोध्याः सरदार पटेल की 151वीं जयंती पर महिला मोर्चा ने किया नमन, डॉ. अंजू पांडे बोलीं- राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए उनका योगदान अविस्मरणीय



गोसाईगंज (अयोध्या)। ग्रामर्षि एकेडमी इंटरनेशनल, गद्दोपुर में सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती पर भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा अयोध्या की ओर से श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष डॉ. अंजू पांडे के नेतृत्व में भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

इस अवसर पर सरदार पटेल के विचारों, राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए उनके ऐतिहासिक योगदान को याद किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. अंजू पांडे ने कहा कि सरदार पटेल का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन राष्ट्रहित के लिए समर्पित कर दिया। देश को एकजुट करने में उनके योगदान को सदैव याद किया जाएगा।

सरदार पटेल का जीवन हम सभी के लिए है प्रेरणाश्रोतः जे0पी0 अनुरागी

कुलपहाड़ के जनतंत्र इंटर कॉलेज में धूम धाम से मनाई गई सरदार पटेल की जयंती
जिपंअ व कॉलेज के प्रधानाचार्य जे0पी0 अनुरागी ने उन्हें नमन करते हुए दी श्रद्धांजलि



सूर्योदय भास्कर ब्यूरो,महोबा महोबा। भारत के प्रथम गृहमंत्री,लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल जी की जयंती विद्यालय जनतंत्र इंटर कॉलेज कुलपहाड़ में धूम धाम से मनाई गई। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयंती पर विद्यालय के प्रधानाचार्य जे०पी० अनुरागी ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की उन्होंने अपने उद्बोधन में विद्यालय के छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारत की एकता,अखंडता और राष्ट्र की संप्रभुता के प्रतीक महान स्वतंत्रता सेनानी एवं भारत के प्रथम उपप्रधानमंत्री और गृहमंत्री भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है।सरदार बल्लभ भाई पटेल ने

देश की सैकड़ों रियासतों का एकीकरण कर अखंड भारत के निर्माण में जो योगदान दिया है वह सदैव स्वर्ण अक्षरों में अंकित रहेगा।उनका दृढ़ संकल्प,राष्ट्र के प्रति समर्पण और नेतृत्व क्षमता आने वाली पीढ़ियों को सदैव राष्ट्रसेवा की प्रेरणा देता रहेगा।

उनकी जयंती पर हम सभी राष्ट्र की एकता,अखंडता और सामाजिक सद्भाव को बनाए रखने का संकल्प लें।

बुंदेलखंड सोसाइटी फॉर रूरल डेवलपमेंट संस्था की सराहनीय पहल

संस्था के अध्यक्ष आकाश राय दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण हेतु कर रहे भगीरथ प्रयास

संस्था के अध्यक्ष आकाश राय दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण हेतु कर रहे भगीरथ प्रयास





सूर्योदय भास्कर ब्यूरो,महोबा महोबा। लोकल फॉर वोकल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महोबा में बुन्देलखण्ड सोसाइटी फॉर रूरल डेवलपमेन्ट संस्था दिव्यांगजनों के सशक्तीकरण हेतु लगातार भगीरथ प्रयास कर रही है।संस्था के अध्यक्ष आकाश राय की अहम व सराहनीय पहल के द्वारा (मानसिक दिव्यांग, मुखबाधिर,शारीरिक दिव्यांग सेरेबल पाल्सी दिव्यांग आदि) दिव्यांगजनो को व्यायसायिक प्रशिक्षण दिया जा रहा हैजिसमें गाय के गोबर से बने उत्पादों जैसे राम दरबार,राम जी की अदभुत प्रतिमा, लक्ष्मी-गणेश, राधे-कृष्ण,शिव की प्रतिमा(मोमेन्टो), आकर्षित दीपक, धूप बत्ती(सफरानी कप)गमला बनाने का व्यवसायिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है।इसके साथ ही संस्था के अध्यक्ष आकाश राय द्वारा एक और नई व सराहनीय पहल की जा रही जिसमें मंदिरों में जो फूल देवी देवताओं की प्रतिमाओं पर अर्पित होने के बाद उन फूलों को तालाब व नदी में फेंक दिया जाता है जिससे सरोवरों का पानी दूषित हो जाता हैजिसमें संस्था के द्वारा उन फूलों जो देवी देवताओ की प्रतिमा पर अर्पित किए जाते थे उन फूलों को उठाकर सुखाया जाता है फिर उन फूलों से पाउडर बनाने के पश्चात धूपबत्ती बनाने का प्रशिक्षण दिया जाता है। जिससे फूलों का भी सदुपयोग हो जाता है और सरोवरों का पानी भी दूषित होने से बच जाता है।और बनाए हुए सारे उत्पाद वातावरण को शुद्ध रखते है। यह समस्त उत्पाद पूर्ण रूप से जैविक व प्रदूषण रहित होते है।धूपबत्ती बनाने के लिए गोबर और फूलों का पाउडर के साथ उसमें कपूर,लोभान,हवन सामग्री सहित नारियल तेल आदि का मिश्रण कर-के बनाई जाती है धूपबत्ती और मोमेंटो संस्था द्वारा इतने सुंदर तरीके से निर्मित किए जा रहे है कि आपको धूप बत्ती का धुँआ ऐसे दिखाई देगा जैसे गंगाजी शिवजी के ऊपर से नीचे की ओर बह रही हो।मूर्ति (मोमेंटो),दीपक बनाने के लिए गोशाला से गोबर लाकर उसमे प्रीमिक्स मिलाया जाता है जो की इमली के बीज और मैदा लकड़ी का पाउडर होता है और उसमें मुल्तानी मिट्टी आदि मिलाकर मिश्रण तैयार किया जाता है।मिश्रण बनाने के पश्चात धूप में सुखाया जाता है फिर उसमें कलर करके बत्ती लगाते है फिर जैल भरकर दीपक की पैकिंग की जाती है।उक्त दीपक और प्रतिमाएं (मोमेंटो) संस्था के द्वारा बनाए हुए सांचे में ही ढाले जाते है।

संघर्ष की जमीन से सफलता के शिखर तक, बुंदेलखंड की पहचान बने रोशन महोबा



सूर्योदय भास्कर ब्यूरो,महोबा महोबा। बुंदेलखंड की माटी में जन्मी प्रतिभाएं आज अपनी मेहनत और हुनर के दम पर देश-दुनिया में क्षेत्र का नाम रोशन कर रही हैं।ऐसी ही एक प्रेरणादायक कहानी जनपद महोबा के रोशन महोबा की है, जिन्होंने सीमित संसाधनों और तमाम संघर्षों के बीच बुंदेली संगीत को नई पहचान दिलाई है।जनपद के पनवाड़ी ब्लॉक अंतर्गत पहाड़िया गांव के एक साधारण किसान परिवार में जन्मे रोशन राजपूत के पिता विपत सिंह खेती-किसानी करते हैं।ग्रामीण परिवेश और सामान्य पारिवारिक परिस्थितियों के बीच रोशन ने अपने हुनर को ही सफलता का माध्यम बनाया और मनोरंजन जगत में अलग मुकाम हासिल किया।उनका चर्चित गीत "तुनक तुनक तुक तुन्ना" देशभर में लोकप्रिय होने के साथ विदेशों में भी खूब पसंद किया गया।इस गीत पर विदेशी दर्शकों द्वारा रील बनाए जाने से बुंदेली संगीत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिली।यह उपलब्धि क्षेत्रीय भाषा और लोकसंस्कृति के लिए भी गौरव का विषय बनी।लोकप्रियता का यह सिलसिला लगातार आगे बढ़ रहा है।उनका नया गीत "चलो भग चलिये जुदइयां वाली रात में सईया दम नईया" इंस्टाग्राम की ट्रेंडिंग सूची में 24वें स्थान पर पहुंच चुका है।इस गीत में रोशन राजपूत और रागिनी कुशवाहा मुख्य भूमिका में नजर आ रहे हैं। इसका प्रोडक्शन सोनिक म्यूजिक प्रोडक्शन ने किया है,जबकि निर्देशन राहुल राजपूत और एडवोकेट प्रमोद राजपूत ने किया। गीत की शूटिंग आरआर फिल्म (छोटू भाई) द्वारा की गई है।रोशन महोबा की सफलता की एक और खास बात यह है कि उन्होंने अपनी उपलब्धियों को केवल व्यक्तिगत लोकप्रियता तक सीमित नहीं रखा। उन्होंने बुंदेलखंड के अनेक स्थानीय कलाकारों और डिजिटल क्रिएटर्स को अपने साथ काम करने का अवसर दिया। इससे क्षेत्र की नई प्रतिभाओं को मंच मिला और उन्हें बड़े दर्शक वर्ग तक पहुंचने का अवसर प्राप्त हुआ।

किसान परिवार के बेटे ने बुंदेली संगीत को दिलाई देश-विदेश में पहचान
नया गीत 'सईया दम नईया' इंस्टाग्राम ट्रेंडिंग में 24वें स्थान पर पहुंचा

लगातार बढ़ती लोकप्रियता के बावजूद रोशन अपनी मिट्टी, पारिवारिक संस्कारों और सादगी से जुड़े हुए हैं।उनका यूट्यूब चैनल 'रोशन महोबा' बुंदेलखंड के प्रमुख और सर्वाधिक लोकप्रिय चैनलों में गिना जाता है।

रोशन महोबा की यह यात्रा साबित करती है कि प्रतिभा किसी बड़े शहर या संसाधनों की मोहताज नहीं होती।यदि हौसले मजबूत हों और मेहनत में निरंतरता हो, तो गांव की पगडंडियों से निकलकर भी सफलता के शिखर तक पहुंचा जा सकता है।आज रोशन न केवल महोबा,बल्कि पूरे बुंदेलखंड की सांस्कृतिक पहचान को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

कलेक्ट्रेट विकास भवन में राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनी सरदार पटेल की जयंती



अधिकारियों-कर्मचारियों ने ली राष्ट्र की एकता, अखंडता और संप्रभुता बनाए रखने की शपथ

सूर्योदय भास्कर ब्यूरो ललितपुर। लौह पुरुष एवं देश के प्रथम गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती के अवसर पर जनपद में राष्ट्रीय एकता दिवस का भव्य आयोजन किया गया। कलेक्ट्रेट और विकास भवन में आयोजित कार्यक्रमों में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा राष्ट्र की एकता, अखंडता और संप्रभुता को बनाए रखने की शपथ ली। जिलाधिकारी सत्य प्रकाश की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया, जबकि विकास भवन में सीडीओ शेषनाथ चैहान की अध्यक्षता में समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने सरदार पटेल के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि सरदार पटेल ने अपनी अदम्य इच्छाशक्ति, राजनीतिक दूरदर्शिता और कुशल कूटनीति के माध्यम से स्वतंत्र भारत के सामने मौजूद अनेक चुनौतियों का समाधान किया। देशी रियासतों का भारतीय संघ में एकीकरण कर उन्होंने भारत को एक मजबूत राष्ट्र के रूप में स्थापित करने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में सरदार पटेल का योगदान अतुलनीय रहा। आयोजन के दौरान अन्य वक्ताओं ने भी उनके आदर्शों के सम्बन्ध सारगर्भित उद्बोधन दिया एवं उनके सिद्धांतों का अनुशरण कर राष्ट्रहित में कार्य करने का संकल्प लिया।

कांग्रेस कार्यालय पर इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि और सरदार पटेल की जयंती मनाई



सूर्योदय भास्कर ब्यूरो ललितपुर। जिला कांग्रेस कार्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री स्व.इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि एवं लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कांग्रेसजनों ने दोनों महान विभूतियों के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष दयाराम रजक, मनरेगा जिला प्रभारी जसपाल सिंह, अजय तिवारी, जिला उपाध्यक्ष पंकज हुण्डैत, जिला महामंत्री शशिकांत दीक्षित, खलक सिंह राजपूत, रफीक अली, रब्बी राजा, दीपक रैकवार, मुहम्मद इमरान, सीताराम राय, संतोष राय, गोलू, राहुल सेन, राम सिंह यादव, प्रदीप कुशवाहा, बासु जैन आदि सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

धूमधाम से मनाई गई लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती

›› समाजवादी पार्टी के तत्वाधान में पटेल इंटर कॉलेज ननौरा में आयोजित हुआ कार्यक्रम
›› कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष समाजवादी शिक्षक सभा एस0पी0सिंह पटेल रहे उपस्थित
›› 230 विधानसभा के संभावित प्रत्याशी दद्दू प्रसाद सहित समस्त समाजवादी नेता रहे उपस्थित





सूर्योदय भास्कर ब्यूरो,महोबा

महोबा। भारत के प्रथम गृहमंत्री, लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल जी की जयंती बड़े ही धूम धाम से पटेल इंटर कॉलेज, ननौरा में समाजवादी पार्टी के तत्वाधान में मनाई गई।उक्त आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ एस० पी० सिंह पटेल प्रदेश अध्यक्ष समाजवादी शिक्षक सभा उत्तर प्रदेश रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता ज़िलाध्यक्ष शोभालाल यादव ने की'कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष कुंभकरण यादव,पूर्व ज़िलाध्यक्ष प्रान सिंह यादव,प्रेम विश्वकर्मा,डॉ सनत राजपूत,वीरेंद्र सिंह,कल्याण सिंह,महेश निषाद,जगदीश पाल,कॉलेज के प्रबंधक राजपाल पटेल,दिनेश राजपूत,अखिलेश वर्मा,ताहिर सिद्दीकी,जगदीश पटेल और अर्पित यादव के साथ भारी संख्या में समाजवादी कार्यकताओं के साथ क्षेत्र वासी उपस्थित रहे।पूर्व कैबिनेट मंत्री व महोबा सदर सीट 230 विधानसभा के संभावित प्रत्याशी दद्दू प्रसाद ने सफल व शानदार आयोजन के लिए समाजवादी पार्टी के युवा नेता अंकित पटेल को बधाई व आभार व्यक्त किया।

साथ ही अंकित पटेल जी को समाजवादी पार्टी जिला कमेटी में जिला उपाध्यक्ष बनाए जाने पर पूर्व कैबिनेट मंत्री दद्दू प्रसाद ने उज्वल भविष्य की भी शुभ मंगलकामनाएँ प्रेषित की।

जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दुर्घटनाएं रोकने को हुआ मंथन

सर्दी के मौसम के चलते गति नियंत्रक, रम्बल स्ट्रिप, फॉग लाइट आदि बढ़ाने पर जोर



सूर्योदय भास्कर ब्यूरो

ललितपुर। शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) दिनेश कुमार की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की एक अत्यंत महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में अपर जिलाधिकारी द्वारा शीतकाल के दौरान कोहरे व धुंध के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु लोक निर्माण विभाग और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को सभी मुख्य मार्गों, तीखे मोड़ों और दुर्घटना संभावित क्षेत्रों पर थर्मोप्लास्टिक रोड मार्किंग, कैट्स आई और हाई-रिफ्लेक्टिव डेलिनेटर तुरंत दुरुस्त कराने के निर्देश दिए गए। परिवहन व पुलिस विभाग को संयुक्त रूप से अभियान चलाकर सभी वाणिज्यिक वाहनों, ट्रैक्टर-ट्रॉलियों और ट्रकों पर लाल व पीली रिफ्लेक्टिव टेप लगाना अनिवार्य करने तथा वाहनों की फॉग लाइट व इंडिकेटर्स की सघन जांच करने के निर्देश दिए गए। यह भी निर्देश दिये कि कोहरे के दौरान दृश्यता कम होने की स्थिति में राजमार्गों के किनारे वाहनों की अवैध पार्किंग को रोकने के लिए पेट्रोलिंग बढ़ायें और क्रेन द्वारा ऐसे वाहनों को तुरंत हटाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही, किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए सभी टोल प्लाजा पर एम्बुलेंस को अलर्ट मोड पर रखने और सोशल मीडिया व रेडियो के माध्यम से आमजन के लिए लगातार मौसम व रूट एडवाइजरी जारी करने का निर्णय लिया गया। बैठक में नाबालिग बच्चों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरुक करने व उनके अभिभावकों को नाबालिग बच्चों को वाहन न देने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिये गए। यह भी निर्देश दिये गए कि नियमों का उल्लंघन करते पाए जाने पर ऐसे वाहनों को मौके पर ही सीज किया जाए। नाबालिगों के अभिभावकों (माता-पिता) और वाहन स्वामियों के विरुद्ध भी अर्थदंड लगाने के साथ-साथ कानूनी शिकंजा कसा जाए। बैठक में उपस्थित अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह ने सड़क सुरक्षा को जमीनी स्तर पर प्रभावी बनाने के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि नेशनल हाईवे और मुख्य मार्गों पर स्थानीय लोगों द्वारा बनाए गए अवैध कटों को तुरंत बंद किया जाए। चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स पर सुधार कार्य में देरी करने वाली कार्यदायी संस्थाओं के खिलाफ कार्रवाई की जाए। बार-बार यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों (रैश ड्राइविंग), नशे में वाहन चलाने वालों और ओवरलोड कमर्शियल वाहनों के चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस तत्काल निरस्त किये जाए। इसके साथ ही गंभीर लापरवाही पर सीधे एफआईआर दर्ज की कार्यवाही पर जोर दिया। बैठक के दौरान एडीएफओ सत्येन्द्र तोमर, अधिशासी अभियंता लोनिवि विजय चन्द्रा, अधिशासी अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण सोन सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक ओपी सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रत्नेश कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी कुँवर सिंह यादव, अधिशासी अधिकारी नपा दिनेश कुमार विश्वकर्मा, अधिशासी अभियन्ता विद्युत, परियोजना निदेशक एनएचएआई, टीएसआई आलोक तिवारी, पुलिस सीसी टीम, आईरेड प्रभारी नरेन्द्र सिंह व अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारीध्कर्मचारी उपस्थित रहे।

कलेक्ट्रेट विकास भवन में राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनी सरदार पटेल की जयंती

अधिकारियों-कर्मचारियों ने ली राष्ट्र की एकता, अखंडता और संप्रभुता बनाए रखने की शपथ



सूर्योदय भास्कर ब्यूरो

ललितपुर। लौह पुरुष एवं देश के प्रथम गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती के अवसर पर जनपद में राष्ट्रीय एकता दिवस का भव्य आयोजन किया गया। कलेक्ट्रेट और विकास भवन में आयोजित कार्यक्रमों में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा राष्ट्र की एकता, अखंडता और संप्रभुता को बनाए रखने की शपथ ली। जिलाधिकारी सत्य प्रकाश की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया, जबकि विकास भवन में सीडीओ शेषनाथ चैहान की अध्यक्षता में समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने सरदार पटेल के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि सरदार पटेल ने अपनी अदम्य इच्छाशक्ति, राजनीतिक दूरदर्शिता और कुशल कूटनीति के माध्यम से स्वतंत्र भारत के सामने मौजूद अनेक चुनौतियों का समाधान किया। देशी रियासतों का भारतीय संघ में एकीकरण कर उन्होंने भारत को एक मजबूत राष्ट्र के रूप में स्थापित करने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में सरदार पटेल का योगदान अतुलनीय रहा। आयोजन के दौरान अन्य वक्ताओं ने भी उनके आदर्शों के सम्बन्ध सारगर्भित उद्बोधन दिया एवं उनके सिद्धांतों का अनुशरण कर राष्ट्रहित में कार्य करने का संकल्प लिया।

स्टाफ नर्सों को मेडीकल कालेज में स्वच्छता पर दिया गया विशेष प्रशिक्षण

संक्रमण नियंत्रण को हाथों की स्वच्छता, पीपीई के उपयोग और बायोमेडिकल वेस्ट के सुरक्षित निस्तारण की दी जानकारी



सूर्योदय भास्कर ब्यूरो

ललितपुर। स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एवं संयुक्त चिकित्सालय में मरीजों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और चिकित्सालय में संक्रमण की रोकथाम के लिए स्टाफ नर्सों का विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। चिकित्सालय संक्रमण नियंत्रण विषय पर आयोजित इस प्रशिक्षण का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार लाने के साथ ही अस्पताल में सुरक्षित उपचार का वातावरण विकसित करना रहा। कार्यक्रम मेडिकल सुपरिटेंडेंट डा. मधुरेन्द्र सिंह राजपूत के पर्यवेक्षण में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण का आयोजन सीनियर रेजिडेंट डा. हर्षा द्वारा किया गया। इस दौरान स्टाफ नर्सों को संक्रमण की रोकथाम से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण स्वच्छता चरणों की विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान हाथों की स्वच्छता, व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों का सही तरीके से उपयोग, संक्रमण से बचाव के निर्धारित मानकों एवं प्रोटोकॉल का पालन करने तथा बायोमेडिकल वेस्ट के सुरक्षित निस्तारण के बारे में बताया गया। इसके साथ ही चिकित्सा उपकरणों के उचित रखरखाव और सुरक्षित उपयोग की व्यावहारिक जानकारी भी दी गई। प्रशिक्षण के माध्यम से नर्सिंग स्टाफ की कार्यक्षमता एवं व्यावहारिक दक्षता बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डा. मयंक कुमार शुक्ला ने मरीजों को सुरक्षित उपचार उपलब्ध कराने के लिए स्वास्थ्यकर्मियों के कत्र्तव्य और सुरक्षा पहलुओं का महत्व बताया। संक्रमण नियंत्रण अधिकारी डा.देश निधि सिंह ने चिकित्सालय में संक्रमण नियंत्रण व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने के लिए नियमित प्रशिक्षण के साथ-साथ समय-समय पर इन्फेक्शन कंट्रोल ऑडिट के सम्बंध में जानकारी दी। इसके माध्यम से निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुपालन की स्थिति का आकलन किया जाएगा। ऑडिट से प्राप्त निष्कर्षों के आधार पर संबंधित स्टाफ से फीडबैक लिया जाएगा और जहां आवश्यक होगा, वहां सुधारात्मक कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि संक्रमण की रोकथाम के लिए सभी स्वास्थ्यकर्मियों की सक्रिय सहभागिता जरूरी है।

कांग्रेस कार्यालय पर इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि और सरदार पटेल की जयंती मनाई



सूर्योदय भास्कर ब्यूरो

ललितपुर। जिला कांग्रेस कार्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री स्व.इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि एवं लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कांग्रेसजनों ने दोनों महान विभूतियों के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष दयाराम रजक, मनरेगा जिला प्रभारी जसपाल सिंह, अजय तिवारी, जिला उपाध्यक्ष पंकज हुण्डैत, जिला महामंत्री शशिकांत दीक्षित, खलक सिंह राजपूत, रफीक अली, रब्बी राजा, दीपक रैकवार, मुहम्मद इमरान, सीताराम राय, संतोष राय, गोलू, राहुल सेन, राम सिंह यादव, प्रदीप कुशवाहा, बासु जैन आदि सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

समस्याओं को दूर करना मेरी प्राथमिकता,विकास के लिए करूंगी हरसंभव प्रयासः शिल्पा अग्रवाल





सूर्योदय भास्कर ब्यूरो रिपोर्ट

संडीला/हरदोई में आज शिल्पा अग्रवाल, पुत्रवधू राजकुमार अग्रवाल, ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. के.जी. गुप्ता को सम्मानित किया गया। साथ ही उपस्थित सभी पत्रकारों को भी सम्मानित कर उनका स्वागत किया गया।

प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान शिल्पा अग्रवाल ने संडीला क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं को उठाते हुए कहा कि क्षेत्र के विकास और आम जनता को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि संडीला में कई ऐसी समस्याएं हैं, जिनका समाधान होना बेहद जरूरी है।

संडीला की मुख्य सड़क का निर्माण प्राथमिकता में

शिल्पा अग्रवाल ने कहा कि संडीला की मुख्य सड़क की खराब स्थिति क्षेत्र की सबसे बड़ी समस्याओं में से एक है। सड़क आए दिन खराब रहती है, जिससे स्थानीय लोगों, व्यापारियों और राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने इस सड़क के निर्माण और सुधार के लिए हरसंभव प्रयास करने की बात कही।

स्वास्थ्य सेवाओं के लिए ट्रॉमा सेंटर का प्रयास

क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की आवश्यकता पर जोर देते हुए शिल्पा अग्रवाल ने संडीला में ट्रॉमा सेंटर बनवाने की बात कही उन्होंने कहा कि दुर्घटनाओं और आपातकालीन परिस्थितियों में मरीजों को जिससे समय पर बेहतर उपचार मिल सकें?

सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर इंजीनियर विनय यादव के नेतृत्व में किया गया नमन

›› देश की एकता और अखंडता की रक्षा का लिया संकल्प, बोले विनय यादव–हम सब देशवासी जुड़े रहेंगे और एक-दूसरे को जोड़ते रहेंगे।



सूयोदय भास्कर

बिल्हौर, कानपुर नगर। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयंती के अवसर पर बिल्हौर में समाजवादी पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष इंजीनियर विनय यादव के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित कर सरदार पटेल जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें कोटि-कोटि नमन किया गया।

इस अवसर पर इंजीनियर विनय यादव ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल जी का जीवन देश की एकता, अखंडता और सामाजिक सौहार्द के लिए समर्पित रहा। उनकी जयंती पर हम सभी संकल्प लेते हैं कि देश की एकता और अखंडता की रक्षा करेंगे। कोई भी शक्ति या सत्ता यदि आपसी सौहार्द और अमन-चैन को बिगाड़कर अपना स्वार्थ सिद्ध करने का प्रयास करेगी, तो उसका पुरजोर विरोध किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि हम सब देशवासी आपस में जुड़े रहेंगे और एक-दूसरे को जोड़ने का काम करेंगे। देश की एकता, भाईचारा और संविधान की रक्षा करना हम सभी की जिम्मेदारी है।

कार्यक्रम में रजनीश यादव, राजेंद्र पाल, जगत सिंह, जनार्दन सिंह, राहुल यादव, कुलदीप कुमार, दीप सिंह, महेंद्र सिंह सहित समाजवादी पार्टी के अनेक कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का समापन जय संविधान, जय हिंदुस्तान के उद्घोष के साथ हुआ।

हापुड़ में गरजे चंद्रशेखर आजाद, साढ़े 9 साल में नहीं हुआ अपेक्षित विकास, यूपी सरकार पर साधा निशाना



सूर्योदय भास्कर ब्यूरो चीफ हापुड़

हापुड़। आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद के हापुड़ आगमन पर पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। शनिवार को रामलीला मैदान में पार्टी के तत्वावधान में विशाल जनसभा एवं कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व हापुड़ विधानसभा क्षेत्र-59 से पार्टी प्रत्याशी वीरेंद्र कुमार शिरीष ने किया, जबकि मंच संचालन मेरठ मंडल प्रभारी वीर सिंह गौतम ने किया।

जनसभा को संबोधित करते हुए चंद्रशेखर आजाद ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि साढ़े नौ साल के कार्यकाल में हापुड़ को अपेक्षित विकास नहीं मिला। यहां न बड़े उद्योग स्थापित हुए और न युवाओं को पर्याप्त रोजगार मिला। किसानों को भी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि हापुड़ की जनता बेहतर सड़कें, स्वास्थ्य सुविधाएं, रोजगार और जाम से मुक्ति चाहती है। प्रदेश की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए उन्होंने लखनऊ की ट्रिपल मर्डर की घटना का जिक्र किया। साथ ही हापुड़ के दीपक, अजय और वरिष्ठ पत्रकार नसीम अहमद के मामलों में पीड़ितों को न्याय दिलाने की मांग उठाई। उन्होंने ईवीएम से चुनाव कराने पर भी सवाल खड़े किए और बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग की।

इससे पहले उन्होंने गुरुद्वारा साहिब में मत्था टेका तथा डॉ. भीमराव आंबेडकर और चौधरी चरण सिंह की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। अंत में उन्होंने 2027 के विधानसभा चुनाव में हापुड़ सीट से पार्टी प्रत्याशी वीरेंद्र कुमार शिरीष के समर्थन में मतदान की अपील की। जनसभा में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे।

2027 में हापुड़ विधानसभा 59 से पार्टी प्रत्याशी वीरेंद्र कुमार शिरीष के समर्थन में मतदान की अपील की

*2 नवंबर को लगेगा रोजगार मेला, 3000 से अधिक पदों पर भर्ती का अवसर



सूर्योदय भास्कर ब्यूरो चीफ हापुड़

हापुड़। युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के अंतर्गत जिला सेवायोजन कार्यालय हापुड़ द्वारा दो नवंबर को एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। रोजगार मेला गढ़ रोड स्थित इंद्रप्रस्थ इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन एंड मैनेजमेंट में सुबह 10 बजे से शुरू होगा।

रोजगार मेले में हापुड़ सहित गाजियाबाद, नोएडा और गुरुग्राम की 20 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियां प्रतिभाग करेंगी। कंपनियों की ओर से 3000 से अधिक रिक्त पदों पर अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। भर्ती प्रक्रिया साक्षात्कार के माध्यम से पूरी होगी। मेले में सहायक प्रबंधक, रिलेशनशिप एग्जीक्यूटिव, अकाउंटेंट, एचआर मैनेजर, टीम मेंबर, स्टोर एसोसिएट, वेयरहाउस एसोसिएट, डाटा एंट्री ऑपरेटर, मशीन ऑपरेटर, क्वालिटी प्रोडक्शन, सीएनसी एवं प्रेस मशीन ऑपरेटर तथा सुपरवाइजर सहित विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी।

रोजगार मेले में शामिल होने के इच्छुक अभ्यर्थियों को रोजगार संगम पोर्टल www.rojgAArsangam.up.gov.in पर ऑनलाइन पंजीकरण कराना होगा। साक्षात्कार के समय बायोडाटा साथ लाना अनिवार्य है। जिला सेवायोजन अधिकारी संतोष कुमार सिंह ने अधिक से अधिक युवाओं से रोजगार मेले में पहुंचकर उपलब्ध अवसरों का लाभ उठाने की अपील की है।

स्नातक विधायक आगरा शिक्षामित्रों की समस्या सीएम के समक्ष रखेंगे

प्रतिनिधिमण्डल ने की मुलाकात, जीत पर जतायी खुशी किया स्वागत



सूर्योदय भास्कर ब्यूरो

ललितपुर। नव निर्वाचित शिक्षक विधायक मानवेन्द्र प्रताप सिंह से आदर्श समायोजित शिक्षक शिक्षामित्र वेलफेयर एसोसिएशन प्रतिनिधिमण्डल ने मुलाकात करते हुए उनकी सभी समस्याओं का समाधान कराने की मांग रखी। विधायक ने उनकी समस्याओं के सम्बन्ध में राष्ट्रीय कार्य जनगणना के बाद मुलाकात मुख्यमंत्री के समक्ष रखते हुए निस्तारण कराने को आश्वस्त किया। प्रतिनिधि मण्डल ने उनकी जीत पर हर्ष जताया व माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस दौरान प्रदेशीय पदाधिकारी विश्वनाथ सिंह कुशवाहा, जिलाध्यक्ष भगवत सिंह बैस, उमेश पांडे, उदयवीर सिंह यादव, विजय सिंह, अजीत सिंह, बृजेश वशिष्ठ, राकेश बाजपेयी, अशोक राय, प्रमोद, रामसागर, नरेश खारी, वीरेंद्र मिश्र, रितेश अवस्थी, शिवनारायण वर्मा, सनत, हेम सिंह यादव, मनीष नागर, जितेंद्र राय, अफजल अहमद एवं हरिओम चैधरी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

गौकशी के मामले में हिस्ट्रीशीटर समेत 2 आरोपी गिरफ्तार, 2 तमंचे व 4 कारतूस बरामद

बहादुरगढ़ पुलिस ने किया घटना का खुलासा



सूर्योदय भास्कर ब्यूरो चीफ हापुड़

हापुड़। बहादुरगढ़ थाना पुलिस ने गौकशी के मामले का खुलासा करते हुए हिस्ट्रीशीटर अपराधी समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो अवैध तमंचे, चार जिंदा कारतूस, 750 रुपये नकद, गौकशी के उपकरण और वारदात में प्रयुक्त पल्सर मोटरसाइकिल बरामद की है।

थाना बहादुरगढ़ प्रभारी इंद्रकांत यादव ने बताया कि अपराधियों और अवैध पशु कटान के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत दोनों आरोपियों को 31 अक्टूबर को मोहम्मदपुर रुस्तमपुर तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रोहिल पुत्र कमरुद्दीन कुरैशी निवासी अल्लाबख्शपुर, थाना गढ़मुक्तेश्वर और कैफ पुत्र गफ्फार निवासी रतुपुरा, थाना सिंभावली के रूप में हुई है।

गिरफ्तार रोहिल थाना गढ़मुक्तेश्वर का हिस्ट्रीशीटर अपराधी है। उसके खिलाफ हापुड़ और अमरोहा जनपदों में गौकशी, चोरी, लूट और आर्म्स एक्ट समेत करीब डेढ़ दर्जन मुकदमे दर्ज हैं। बरामद उपकरणों में छुरी, रस्सी और लकड़ी का गट्ठा शामिल है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

भारतीय रेल को दिया जा रहा आधुनिक स्वरूप : योगी

मुख्यमंत्री व रेल मंत्री ने वाराणसी-नई दिल्ली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का किया शुभारंभ

वाराणसी,

। मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ तथा रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के कर कमलों द्वारा शनिवार को बनारस रेलवे स्टेशन पर आयोजित एक समारोह में वाराणसी-नई दिल्ली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन, वाराणसी सिटी-राजा तालाब के मध्य ट्रेन सेवा एवं प्रयागराज रामबाग-बनारस ट्रेन सेवा का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। इसके पूर्व, मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का निरीक्षण किया। इस दौरान रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने ट्रेन में बच्चों, यात्रियों एवं रेल कर्मचारियों तथा लोको पायलटों से संवाद किया। उन्होंने रेल कर्मचारियों से सदैव सद्भावपूर्ण व्यवहार करने तथा ट्रेन में स्वच्छता के मानक को बनाए रखने का आह्वान किया और लोको पायलटों का उत्साहवर्धन किया। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती पर उनको नमन करते हुए कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में देश एवं भारतीय रेल आगे बढ़ रहा है। भारतीय रेल देश को उत्तर से दक्षिण एवं पूर्व से पश्चिम तक सम्पूर्ण भारत को एकता के सूत्र में पिरो कर स्वतंत्रता सेनानियों एवं राष्ट्र नायकों के सपनों को साकार कर रही रही है। उन्होंने कहा कि आम भारतीय की सवारी भारतीय रेल को आधुनिक स्वरूप दिया है। प्रदेश में पहले आधा मीटर गेज आधा ब्रॉड गेज होता था, आज उत्तर प्रदेश के अंदर सभी लाइनें ब्रॉड गेज की है और विद्युतीकृत हैं। उन्होंने कहा की काशी से दिल्ली जाने में 13 से 14 घंटे पहले लगते थे, आज वंदे भारत स्लीपर से यह दूरी 8 से 9 घंटे में पूरी होगी। पहली वंदे भारत नई दिल्ली से वाराणसी के लिए चलाई गई थी, और उसमें चेयर कार की सुविधा है और आज से चली जा रही वंदे भारत स्लीपर से आपकी यात्रा काफी सुखद होगी। यात्री काशी से रात्रि में चलकर सुबह दिल्ली तथा दिल्ली से रात्रि में चलकर सुबह काशी पहुचेंगे। वंदे भारत स्लीपर ट्रेन देश की आध्यात्मिक राजधानी को देश की राजधानी से जोड़ेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पब्लिक ट्रांसपोर्ट में रेलवे की महत्वपूर्ण भूमिका है। वाराणसी सिटी से राजातालाब तक यात्रियों की सुविधा के लिए मेमू ट्रेन का संचलन किया जा रहा है।



वंदे भारत स्लीपर में यात्रियों के साथ ही इसमें काम करने वाले कर्मचारियों के लिए विशेष सुविधा : अश्विनी वैष्णव

पूरे पूर्वांचल के लिए बड़ी सौगात होगी यह ट्रेन : वैष्णव

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि वंदे भारत स्लीपर में यात्रियों के साथ-साथ इसमें काम करने वाले कर्मचारियों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा गया है। रेलवे पर प्रधानमंत्री की विशेष दृष्टि रहती है। इस ट्रेन में मध्य एवं ऊपर के बर्थों पर चढ़ने के लिए नए तरीके की सीढ़ियां लगाई गई हैं। यह ट्रेन न केवल वाराणसी बल्कि पूरे पूर्वांचल के लिए बड़ी सौगात होगी। यह गाड़ी का समयसारणी इस प्रकार का है कि रात में वाराणसी से चलकर सुबह दिल्ली पहुंचे और दिल्ली से रात्रि में चलकर सुबह वाराणसी पहुंचे। देश की पहली वंदे भारत स्लीपर जो कोलकाता से गुवाहाटी के बीच चलती है, वह जनता में काफी लोकप्रिय हुई है। आलोचकों ने भी काफी इस गाड़ी की काफी प्रशंसा की है।

राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनी सरदार पटेल की जयंती

फर्रुखाबाद,

। आवास विकास कॉलोनी स्थित जिला भाजपा मुख्यालय पर भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जन्म जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने की। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दिनेश कटियार ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने भारत को एक सूत्र में पिरोने का ऐतिहासिक कार्य किया।

गृहमंत्री के रूप में उन्होंने भारत को एक सशक्त राष्ट्र बनाने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिए। उनके दृढ़ संकल्प, अदम्य साहस और कुशल नेतृत्व क्षमता के कारण ही उन्हें लौह पुरुष के नाम से जाना जाता है। मुख्य वक्ता प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सत्यपाल सिंह, पूर्व विधायक कुलदीप गंगवार, जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने भी संगोष्ठी को संबोधित किया। संगोष्ठी का संचालन जिला मंत्री अनुराग सिंह ने किया।

ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों की अब खेर नहीं

मेरठ,

। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह की अध्यक्षता में ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों के विरुद्ध संयुक्त प्रवर्तन अभियान चलाने तथा नो-हॉर्न जोन अधिसूचित किए जाने के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि ध्वनि प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने के लिए परिवहन एवं पुलिस विभाग संयुक्त रूप से अभियान चलाकर नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध प्रवर्तन की कार्रवाई करें। उन्होंने स्कूलों, अस्पतालों एवं अन्य निर्धारित संवेदनशील क्षेत्रों के 100 मीटर के दायरे में नो-हॉर्न जोन के सूचना बोर्ड अनिवार्य रूप से लगवाने के निर्देश दिए, ताकि इन क्षेत्रों में अनावश्यक हॉर्न बजाने पर रोक लगाई जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि निर्धारित मानकों के अनुरूप ही डीजे एवं ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग किया जाए। मानकों का उल्लंघन कर तेज आवाज में डीजे बजाने वालों के विरुद्ध चालान सहित नियमानुसार कार्रवाई की जाए। उन्होंने वाहनों में प्रतिबंधित प्रेशर हॉर्न का प्रयोग करने वालों तथा पटाखे जैसी तेज आवाज उत्पन्न करने वाले साइलेंसर लगाने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध भी सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

- जिलाधिकारी ने संयुक्त प्रवर्तन अभियान चलाने के दिए निर्देश
- नो-हॉर्न अधिसूचित किए जाने के संबंध में की बैठक

उन्होंने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय से अभियान संचालित करते हुए ध्वनि प्रदूषण पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा निर्धारित नियमों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अपर जिलाधिकारी भूमि अध्यापति, अपर नगर आयुक्त, नगर निगम, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

सार संक्षेप

काबलीगेट तालाब की भूमि की संयुक्त पैमाइश की गई



मवाना। नगर पालिका परिषद मवाना की ओर से वार्ड संख्या-11 स्थित मोहल्ला काबलीगेट के खसरा संख्या 2511 में तालाब की भूमि को कब्जामुक्त कराकर उसके सौंदर्यीकरण की दिशा में कार्रवाई शुरू कर दी गई है। काफी समय बाद तहसील विभाग और नगर पालिका की संयुक्त टीम ने तालाब की भूमि की शांतिपूर्ण ढंग से पैमाइश की। नगर पालिका परिषद की ओर से 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत उक्त तालाब की चारदीवारी और घाट का निर्माण कराए जाने के लिए पूर्व में कार्यादेश जारी किया गया था। भूमि की पैमाइश पूरी होने के बाद अब निर्माण कार्य शुरू कराने का रास्ता साफ हो गया है। तालाब की भूमि पर नगर पालिका अपना कब्जा लेकर विकास कार्य करा सकेगी। अधिकारियों के अनुसार जिन भवन स्वामियों ने तालाब की सरकारी भूमि पर स्थायी मकान बनाकर अवैध कब्जा कर रखा है, उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

अमेठी में सड़क हादसे में तीन बच्चों की मौत

अमेठी। जिले के रामापुर के तीन बच्चों की सड़क हादसे में मौत हो गई। जिससे इलाके में शोक की लहर है। राजेश मसाला तीनों मृतकों के परिवारों को 25-25 हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की है। साथ में पीड़ित परिवारों को आवास एवं अन्य पात्रता आधारित सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए आवश्यक प्रयास करने का आश्वासन भी दिए हैं। जान गंवाने वाले बच्चों की पहचान इशू कुमार पुत्र दल बहादुर, रोहित पुत्र हरिश्चन्द्र एवं विशाल राम पुत्र झल्लर के रूप में हुई है। तीनों मृतक रामापुर मजरे पीपरपुर के निवासी थे।

राजकीय महिला शरणालय में पीएनजी किचन का किया उद्घाटन

मेरठ। जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह ने राजकीय महिला शरणालय, मेरठ में गेल गैस लिमिटेड पीएनजी किचन का उद्घाटन किया। इस पहल से शरणालय में भोजन तैयार करने की व्यवस्था अधिक सुविधाजनक, सुरक्षित एवं सुचारू बनाने में सहायता मिलेगी। इस अवसर पर सीडीओ, गेल गैस के अधिकारी, राजकीय महिला शरणालय का स्टाफ आदि उपस्थित रहे।

सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर निकाली एकता यात्रा

मवाना। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर शनिवार को राष्ट्रीय एकता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर एएस इंटर कॉलेज मवाना से विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा एकता यात्रा निकाली गई। यात्रा को एसडीएम मवाना संतोष कुमार सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी पंकज लवानिया एवं एएस इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. मेघराज सिंह की उपस्थिति में रवाना किया गया। यात्रा कॉलेज परिसर से शुरू होकर तहसील सभागार में पहुंचकर संपन्न हुई।

मजदूरी के पैसे मांगने पर धमकी,पीड़ित ने दी पुलिस को तहरीर

सूर्योदय भास्कर ब्यूरो

बरखेड़ा। थाना क्षेत्र गांव पतरसिया निवासी राम बल्लभ पुत्र भगवान दास ने थाना पुलिस को दी तहरीर मे बताया है जून 2024 मे गांव के ही हरीश भारती पुत्र भीमसेन मुझे अपनी ठेकेदारी मे धान गड़ाई कराने के लिए उत्तराखंड के सितारगंज क्षेत्र मे ले गया था।तभी वहा मैने बीस दिनो तक धान की गड़ाई की थी।और वही गड़ाई के दौरान मेरा स्वास्थ्य खराब हो गया था।जिस कारण मैने ठेकेदार हरीश से कहा था जितने दिन काम किया है उतने दिन की मजदूरी दे दो।तभी मुझे पांच सौ रुपए दिए थे किराए के लिए। वाकी शेष रुपए घर आकार दे दूंगा। लेकिन ठेकेदार हरीश जब घर वापस आया तो मैने अपने मजदूरी के रुपए मागे को टाल-मटोल करने लगा।और गन्दी गन्दी गालिया देकर जान से मारने की धमकी देने लगा।फिलहाल पीड़ित मजदूर ने दि तहरीर पर जाच पड़ताल कर कार्रवाई की मांग की है।

चढ़ावा चोरी के दाग पर दीपोत्सव की भव्यता का मुलम्मा!

योगी कल अयोध्या में परखेंगे तैयारियां, अमित शाह के भी शामिल होने की चर्चा

अयोध्या,

। राम मंदिर में चढ़ावा चोरी की गूंज के बीच अयोध्या का दीपोत्सव इस बार पहले से कहीं अधिक भव्य आयोजनों और इवेंट के सहारे अपनी चमक बिखेरने की तैयारी में है। मंदिर से जुड़े विवाद और चढ़ावा चोरी के आरोपों से उपजे असहज माहौल के बीच सरकार दीपोत्सव की भव्यता को उत्सव का सबसे बड़ा चेहरा बनाने में जुटी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दो नवम्बर को अयोध्या पहुंचकर तैयारियों का जायजा लेंगे। वहीं, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के भी दीपोत्सव में शामिल होने की चर्चा है। यदि शाह आते हैं तो राम मंदिर, हनुमानगढ़ी और अयोध्या के साधु-संतों से उनकी मुलाकात भी राजनीतिक और धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण होगी। स्थानीय स्तर पर नगर निगम भी साफ-सफाई और शहर की सजावट को लेकर सक्रिय है। सात नवम्बर को दीपों से जगमगाने वाले सरयू तट के साथ इस बार अयोध्या का आसमान भी रोशनी के अनूठे नजारे पेश करेगा। पर्यटन विभाग ने दीपोत्सव में भव्य एरियल ड्रोन शो की तैयारी की है। इसमें 'मेड इन इंडिया' तकनीक से निर्मित 2100 ड्रोन एक साथ आसमान में उड़ान भरेंगे। करीब 15 मिनट के इस शो में कम से कम 15 अलग-अलग ड्रोन फॉर्मेशन के जरिए रामायण के प्रसंगों को आकाश में जीवंत किया जाएगा। खास बात यह है कि आधे से अधिक आकृतियां पिछले वर्ष की प्रस्तुति से बिल्कुल अलग होंगी। स्टोरीबोर्ड, स्क्रिप्ट, संगीत और वॉयस ओवर से लेकर प्रकाश प्रभावों तक में बदलाव किया गया है। इस तरह श्रद्धालुओं और पर्यटकों को इस बार नए दृश्यों के साथ तकनीक और परंपरा का संगम देखने को मिलेगा।

21 सौ स्वदेशी ड्रोन रामायण के प्रसंगों से सजाएंगे आसमान

अपर मुख्य सचिव पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मार्थ कार्य विभाग अमृत अभिजात के मुताबिक, दीपोत्सव-2026 में 2100 स्वदेशी ड्रोन के जरिए रामायण के प्रसंगों को आसमान में उतारने की तैयारी है। नए फॉर्मेशन, संगीत और प्रकाश प्रभाव इस प्रस्तुति को पहले से अधिक आकर्षक बनाएंगे। अयोध्या आने वाले श्रद्धालु और पर्यटक एक अविस्मरणीय अनुभव लेकर लौटें। दरअसल, इस बार दीपोत्सव की चुनौती केवल पिछले आयोजनों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ने की नहीं, बल्कि चढ़ावा चोरी के विवाद से बनी नकारात्मक छवि के बीच अयोध्या की भव्यता और उत्सवी पहचान को फिर केंद्र में लाने की भी है। ऐसे में दीयों की रोशनी, ड्रोन शो व वीआईपी मौजूदगी के बीच सात नवम्बर का आयोजन धार्मिक उत्सव के साथ सरकार की प्रतिष्ठा से भी जुड़ गया है।

भारत को विश्व गुरू बनने से कोई नहीं रोक सकता : राजीव त्यागी



मेरठ,

। श्री वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय संस्थान के पटेल सभागार में लौह पुरूष वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारम्भ संस्थापक अध्यश सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, कुलपति प्रो. कृष्ण कान्त दवे, प्रतिकुलपति डॉ. मानस रंजन, विख्यात महाकवियत्री डॉ. मधु चतुर्वेदी, कुलसचिव प्रो. पीयूष कुमार पाण्डेय आदि ने सरदार पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित करके किया। अपने सम्बोधन में संस्थापक अध्यश सुधीर गिरि ने कहा कि बाते चाहे आजादी की जंग की हो या आजाद भारत की, लौहपुरूष सरदार पटेल ने जहां आजादी के लिए अंग्रेजों को खदेड़ने का काम किया, वही दूसरी ओर 562 टुकड़ों में बटे देश को एकीकृत कर तिरंगे के नीचे लाकर खड़ा कर दिया। उनकी दृढ़ निश्चयता, अनुशासन एवं चरित्र उन्हे सबसे महान एवं सर्वश्रेष्ठ बनाता है। प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी ने कहा कि यदि भारत का युवा सरदार पटेल के आदर्शों को आत्मसात कर ले, तो भारत को फिर से विश्व गुरू बनने से कोई नहीं रोक सकता। आज हम सभी उनके आदर्शों एवं सिद्धांतों पर चलने की शपथ एवं संकल्प लेते है। उन्होंने कहा आज बदलता भारत इतना शक्तिशाली है कि हमें चीन, अमेरिका किसी से कोई भी भय नहीं है, लेकिन देश के अन्दर पनप रहे नक्सलवाद को खत्म करना होगा।

सरदार पटेल की जयंती पर संगोष्ठी का हुआ आयोजन

सरदार वल्लभ भाई पटेल जयंती के अवसर पर जनपद स्तरीय स्लोगन प्रतियोगिता का किया गया आयोजन।

सूर्योदय भास्कर ब्यूरो

पीलीभीत। जिला प्रशासन के आदेशानुसार गांधी प्रेक्षागृह स्टेडियम पीलीभीत में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 151 वीं जयंती के अवसर पर जनपद स्तरीय स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें लगभग एक दर्जन विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। इस अवसर पर जनपदीय नोडल अधिकारी माध्यमिक इंतजार खान ने सरदार वल्लभ भाई पटेल के जीवन से संबंधित विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल जी ने आजादी के बाद देश में 562 रियासतों को एकत्र कर एकता के सूत्र में बांधकर भारत को अखंडता की श्रेणी में लाकर खड़ा किया है। और वह भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री भी रह चुके हैं उनके द्वारा किए गए कार्यों व विरासत को संजोए रखने हेतु भारत सरकार ने 2014 में देश के प्रति इस महादान और सम्मान में हर साल 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस को मनाने की घोषणा की है।

लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की 151 वीं जयंती पर जनपद स्तरीय स्लोगन प्रतियोगिता व राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता को बनाए रखने हेतु शपथ ग्रहण कराई गई।

इस अवसर पर जिला नोडल अधिकारी इंतजार खान के द्वारा उपस्थित छात्र छात्राओं एवं शिक्षकों को राष्ट्रीय एकता की शपथ ग्रहण कराई गई अंत में जिला नोडल अधिकारी इंतजार खान ने बताया स्लोगन प्रतियोगिता में संकलन कर स्लोगनों को जिला विद्यालय निरीक्षक के द्वारा गठित निर्णायक मंडल के द्वारा विजेता छात्र-छात्राओं का चयन किया जाएगा चयनित विजेता छात्र-छात्राओं को जिला प्रशासन के द्वारा सम्मानित किया जाएगा इस अवसर पर शिक्षक डॉ नवनीत छारिया, चांदगी राम, साधना गुप्ता व अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

एआईएस वीकेसी मॉडल यूनाइटेड नेशंस में गूंजा युवा कूटनीति का दम, 7 समितियों में देश-दुनिया के ज्वलंत मुद्दों पर हुई जोरदार बहस

एमिटी इंटरनेशनल स्कूल, विराज खंड में दो दिवसीय

अंतर-विद्यालयी एमयूएन का भव्य आयोजन; विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने दिखाया नेतृत्व, तार्किक क्षमता और कूटनीतिक कौशल





सूर्योदय भास्कर विशेष संवाददाता

लखनऊ। राजधानी के विराज खंड स्थित एमिटी इंटरनेशनल स्कूल में 30 और 31 अक्टूबर 2026 को आयोजित प्रथम अंतर-विद्यालयी एआईएस वीकेसी मॉडल यूनाइटेड नेशंस (टवठ) में युवा प्रतिभाओं ने अपनी बौद्धिक क्षमता, नेतृत्व कौशल और कूटनीतिक समझ का शानदार प्रदर्शन किया। दो दिवसीय इस भव्य सम्मेलन में शहर के विभिन्न विद्यालयों से आए विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए वैश्विक और राष्ट्रीय मुद्दों पर गंभीर मंथन किया।

'विजन, वॉयस, विक्ट्री' के संकल्प ने भरा जोश

'दृष्टि, आवाज और विजय' (Vision, Voice, Victory) के प्रेरणादायक नारे के साथ आयोजित इस सम्मेलन का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैश्विक दृष्टिकोण, तार्किक चिंतन, प्रभावशाली संवाद और कूटनीतिक कौशल विकसित करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्वलन एवं गायत्री मंत्र के पवित्र उच्चारण के साथ हुआ। इसके पश्चात आकर्षक यक्षगान नृत्य प्रस्तुति, कार्यकारी बोर्ड का परिचय कराते हुए फ्लैग मार्च और वैश्विक एकता को समर्पित मधुर गीत ने समारोह में चार चांद लगा दिए।

विद्यालय की प्रधानाचार्या रचना मिश्रा ने सम्मेलन के औपचारिक शुभारंभ की घोषणा करते हुए सभी प्रतिनिधियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने विचारों को निर्भीकता के साथ प्रस्तुत करने, सार्थक संवाद स्थापित करने और कूटनीति की गरिमा बनाए रखने का आह्वान किया।

सात समितियों में गूंजे गंभीर सवाल, समाधान पर हुआ मंथन

सम्मेलन की सबसे खास बात रही सात अलग-अलग समितियों का गठन, जिनमें संयुक्त राष्ट्र महासभा की आर्थिक एवं वित्तीय समिति (UNGA ECOFIN), संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UNSC), जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन (UNFCCC), ब्रिक्स (BRICS), इंडियन प्रीमियर लीग (IPL), लोकसभा और इंटरनेशनल प्रेस (IP) शामिल रहीं।

इन समितियों में विद्यार्थियों ने समकालीन राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय चुनौतियों पर विचार रखे। प्रतिनिधियों ने एक-दूसरे के विचारों को समझते हुए तर्कपूर्ण बहस, संवाद और बातचीत के माध्यम से व्यावहारिक समाधान तथा प्रस्ताव तैयार किए। वहीं इंटरनेशनल प्रेस से जुड़े विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता और पत्रकारिता कौशल के माध्यम से सम्मेलन की गतिविधियों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।

एमिटी के लिए बना ऐतिहासिक उपलब्धि का अवसर

विद्यालय का यह प्रथम अंतर-विद्यालयी एमयूएन आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि साबित हुआ। इसने न केवल विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर दिया, बल्कि उन्हें भविष्य के जिम्मेदार, आत्मविश्वासी और वैश्विक सोच रखने वाले नेतृत्वकर्ता बनने की प्रेरणा भी दी।

इस सफल आयोजन के पीछे माननीय संस्थापिका अध्यक्षा डॉ. अमिता चौहान एवं संस्थापक अध्यक्ष डॉ. अशोक के. चौहान का दूरदर्शी मार्गदर्शन और निरंतर प्रोत्साहन रहा। उनके सहयोग और प्रेरणा से विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता के नए आयाम स्थापित करने की दिशा में निरंतर अग्रसर है। कुल मिलाकर, एआईएस वीकेसी मॉडल यूनाइटेड नेशंस 2026 ने यह संदेश दिया कि आज के विद्यार्थी केवल भविष्य के नागरिक नहीं, बल्कि कल की वैश्विक चुनौतियों का समाधान तलाशने वाले संभावित नेतृत्वकर्ता भी हैं।

राष्ट्र को आगे बढ़ाने में युवा निभाएं अपनी सक्रिय भूमिका : ओम बिरला

संविधान सदन में सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर युवाओं का किया संबोधित

नई दिल्ली, । सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर संविधान सदन में विभिन्न राज्यों से आए युवा विद्यार्थियों एवं प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने देश के युवाओं से आह्वान किया कि वह लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन एवं आदर्शों से प्रेरणा लें तथा अपनी क्षमताओं, नवाचार और सामूहिक प्रयासों को भारत की राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता को सुदृढ़ करने और विकसित राष्ट्र के निर्माण के लिए समर्पित करें।

राष्ट्र निर्माण में युवा पीढ़ी की जिम्मेदारी पर बल देते हुए बिरला ने कहा कि महान विभूतियों ने स्वतंत्रता संग्राम में अपने त्याग और योगदान से देश को आजादी दिलाई तथा नए भारत की नींव रखी। अब युवा पीढ़ी का दायित्व है कि वह राष्ट्र को आगे बढ़ाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाए। बिरला ने कहा कि महान स्वतंत्रता सेनानी और आधुनिक भारत की राष्ट्रीय एकता के शिल्पकार का जीवन दृढ़ संकल्प, असाधारण संगठनात्मक



लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन एवं आदर्शों से प्रेरणा ले देश के युवा : ओम बिरला

कौशल, दूरदृष्टि और निर्णायक नेतृत्व का अनुपम उदाहरण है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शनिवार को सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर संविधान सदन के सेंट्रल हॉल में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्री जे. पी. नड्डा; केंद्रीय संसदीय कार्य एवं अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू, राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, नितिन नवीन और सोनिया गांधी सहित संसद सदस्य, पूर्व सांसद तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। लोकसभा के महासचिव उत्पल कुमार सिंह तथा राज्य सभा के महासचिव पी.सी. मोदी व लोकसभा एवं राज्यसभा सचिवालयों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी गणमान्य व्यक्तियों के साथ सरदार पटेल को श्रद्धासुमन अर्पित किए। संविधान सदन में युवा प्रतिभागियों के साथ हुए संवाद का उल्लेख करते हुए बिरला ने उनकी विचारशीलता, आत्मविश्वास, निर्णय लेने की क्षमता और नवाचार की भावना की सराहना की। देश के विभिन्न भागों से आए युवाओं द्वारा व्यक्त किए गए विविध विचार और दृष्टिकोण भारतीय लोकतंत्र की अंतर्निहित शक्ति को दर्शाते हैं। हमारी भाषाएं, राजनीतिक प्राथमिकता और विचार भले ही अलग-अलग हों, लेकिन राष्ट्रीय एकता तथा देश के व्यापक हितों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता साझा और सर्वोपरि रहनी चाहिए।

राष्ट्रीय एकीकरण में सरदार पटेल के असाधारण योगदान का किया उल्लेख

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने राष्ट्रीय एकीकरण में सरदार पटेल के असाधारण योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि स्वतंत्रता के बाद अनेक चुनौतियों और विषम परिस्थितियों के बावजूद राष्ट्र के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता के बल पर लगभग 560 रियासतों का भारतीय संघ में विलय संभव हो सका। आज भारत की जो एकता एवं अखंडता हमें दिखाई देती है, वह उनके नेतृत्व और दूरदर्शी सोच की अविस्मरणीय देन है। उन्होंने संवाद स्थापित करने, आवश्यकता पड़ने पर दृढ़ निर्णय लेने तथा साझा राष्ट्रीय उद्देश्य की पूर्ति के लिए सभी को साथ लेकर चलने की सरदार पटेल की अद्भुत क्षमता का भी उल्लेख किया।

स्वदेश भट्टाचार्य के निधन से पार्टी को अपूरणीय क्षति : मनोज भक्त

रांची, । भाकपा (माले) लिबरेशन की पोलित ब्यूरो के सदस्य एवं पुनर्गठित पार्टी के संस्थापक नेताओं में से एक कॉमरेड स्वदेश भट्टाचार्य (शम्भूजी) के निधन पर भाकपा (माले) के झारखंड राज्य सचिव कॉमरेड मनोज भक्त ने गहरा शोक व्यक्त किया है। भक्त ने कहा कि कॉमरेड स्वदेश भट्टाचार्य का निधन पार्टी और पूरे क्रांतिकारी आंदोलन के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने कहा कि कॉमरेड स्वदेश भट्टाचाय (7 मार्च, 1942-30 अक्टूबर, 2026) का शुक्रवार देर शाम पटना के एक अस्पताल में निधन हो गया। वे 84 वर्ष के थे और लंबे समय से कैंसर से जूझ रहे थे। वे 28 जुलाई, 1974 को पुनर्गठित भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) लिबरेशन की केंद्रीय कमेटी के अंतिम जीवित सदस्य थे। उनका पूरा जीवन पार्टी निर्माण और क्रांतिकारी आंदोलन को समर्पित रहा। भक्त ने कहा कि कॉमरेड स्वदेश भट्टाचार्य का संघर्षपूर्ण जीवन और क्रांतिकारी योगदान आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बना रहेगा। उनके निधन से पार्टी ने अपना एक वरिष्ठ नेता और मार्गदर्शक खो दिया है। भाकपा (माले) कॉमरेड स्वदेश भट्टाचार्य को लाल सलाम पेश करते हुए अपना लाल झंडा झुकाती है और उनके अधूरे मिशन को पूरी निष्ठा, प्रतिबद्धता और ऊर्जा के साथ आगे बढ़ाने का संकल्प लेती है। उनकी अंतिम यात्रा 2 नवम्बर को पटना में होगी।

बिहार एमएलसी चुनाव में हार की समीक्षा की जाएगी : निशांत कुमार

पटना, । बिहार विधान परिषद चुनाव में मिली हार को स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार ने स्वीकार किया है। उन्होंने कहा कि चुनाव में हार हुई है और इसकी समीक्षा की जाएगी। पार्टी में जो कमियां रह गई हैं, उन्हें दूर करने का प्रयास होगा। निशांत का यह बयान ऐसे समय आया है, जब जदयू को विधान परिषद की चार सीटों में से तीन पर हार का सामना करना पड़ा है। पार्टी को केवल पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में जीत मिली। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि चुनाव परिणाम से जो कमियां सामने आई हैं, उन्हें दूर करने की कोशिश की जाएगी। उन्होंने साफ कहा कि हार हुई है, यह स्वीकार करता हूं। इसकी समीक्षा होगी और जो कमी है, उसे पूरा करने का प्रयास करेंगे।

निशांत कुमार ने सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनके जीवन से हमें सीख मिलती है। उनके विचारों और कार्यों से लगातार सीखने की जरूरत है। उत्तर प्रदेश में होने वाले बड़े कार्यक्रम में शामिल होने के सवाल पर निशांत कुमार ने कहा कि वह वहां जा रहे हैं। उनकी कोशिश है कि उत्तर प्रदेश में जदयू का संगठन मजबूत हो और पार्टी एनडीए गठबंधन के बैनर तले चुनाव लड़े। उन्होंने बताया कि वह एक बड़े



जदयू को विधान परिषद की चार सीटों में से तीन पर हार का सामना करना पड़ा

कार्यक्रम में शामिल होने के लिए वाराणसी जा रहे हैं। दरअसल, उत्तर प्रदेश में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। इसे देखते हुए जदयू वहां अपनी राजनीतिक और संगठनात्मक गतिविधियां बढ़ा रही है। पार्टी की ओर से 1 नवम्बर को वाराणसी के लोहता में राज्यस्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इसमें निशांत कुमार मुख्य रूप से संबोधित करेंगे। पार्टी के वरिष्ठ नेता श्रवण कुमार भी कार्यक्रम की तैयारियों में जुटे हैं। जदयू इस कार्यक्रम के जरिए पूर्वांचल में अपनी संगठनात्मक मौजूदगी मजबूत करने की कोशिश में है। पार्टी का लक्ष्य उत्तर प्रदेश में एनडीए के साथ मिलकर चुनाव लड़ना है।

पेज एक का शेष...

लोकतंत्र नष्ट कर रहे ज्ञानेश को...

चौथा इसीआईनेट के जरिए वोटर लिस्ट पर कब्जा किया गया, पांचवां दो चुनाव आयुक्तों की अनदेखी करते हुए अकेले फैसला लिया गया और छठवां यह सब कुछ प्रधानमत्री मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के इशारे पर किया गया।

राहुल ने चेतावनी भरे लहजे में कहा है कि जिन लोगों को लगता है कि मोदी और शाह बचा लेंगे तो उन्हें देश के मूड को देख लेना चाहिए। विपक्ष के नेता और युवा सड़कों पर हैं, वे भारत की आत्मा पर हमला करने वालों को माफ नहीं करेंगे। जो लोग भी वोट चोरी के षडयंत्र में शामिल रहे हैं, उन्हें जनता के गुस्से का सामना करना ही पड़ेगा। भारत के संविधान, लोकतंत्र और जनता के अधिकारों की लड़ाई को विपक्ष जारी रखेगा। रविवार को इसी मुद्दे पर चलो दिल्ली मार्च है, जिसमें लोग सड़कों पर निकलेंगे। राहुल ने कहा कि यह माक पार्लियामेंट जैसे कार्यक्रम को राज्य सभा में विपक्ष के नेता खरगे के आवास पर इसलिए करना पड़ रहा है,क्योंकि सारे दरवाजे बंद कर दिए गए हैं। उन्होंने दावा किया कि वोट चोरी के उनके पास बहुत सारे सबूत हैं। इसके पहले प्रस्ताव पेश करते हुए खरगे ने कहा कि उन्हें मुख्य चुनाव आयुक्त से कोई निजी बैर नहीं है। उनकी मंशा सिर्फ इतनी है कि चुनाव आयोग संविधान की भावना के मुताबिक निष्पक्ष हो कर काम करे। कोई भी व्यक्ति दिल्ली में बैठ कर कंप्यूटर पर कमजोर वर्गों, महिलाओं, युवाओं का वोट खत्म न करे। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने सत्ता पर कब्जा बनाए रखने के लिए रह साजिश रची है। सांसदों की चोरी की गई, पार्टियों को तोड़ा गया, चलती हुई सरकार चोरी कर ली गई। फिर इलेक्टोरल बांड, ईडी व सीबीआई आदि का इस्तेमाल हुआ और अब वोट चोरी की गई। विपक्ष का वोट काटो और राज करो के कई उदाहरण मौजूद हैं। वर्ष 2023 में विपक्ष के 145 सांसदों को निलंबित कर मुख्य चुनाव आयुक्त को सुरक्षा कवच देने का कानून पारित किया गया। ऐसी कानूनी सुरक्षा तो राष्ट्रपति और भारत के मुख्य न्यायाधीश को भी नहीं मिली है। ज्ञानेश कुमार कानूनी सुरक्षा कवच के कारण ही वोट चोरी करा सके हैं। खरगे ने महाराष्ट्र, हरियाणा व प. बंगाल आदि का उदाहरण देते हुए कहा कि वोटर लिस्ट में हेरफेर तक चुनावी नतीजा पलट दिया गया। इसके बाद सिब्बल ने कहा मामला सिर्फ ज्ञानेश तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आगे भी जाएगा। जो लोग भी वोट चोरी के जिम्मेदार हैं, उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। उनका कहना था कि जब विपक्ष अपनी बात कहना चाहता है तो कोई सुनने को तैयार नहीं है और जब प्रदर्शन करता है तो लाठियां झेलनी पड़ती हैं। इस मौके पर दिल्ली के मंगोलपुरी से आए कामता प्रसाद ने अपने संबोधन में कहा कि वे जीवित हैं, लेकिन उन्हें मरा हुआ बता दिया गया। जब उन्होंने मामला उठाया तो बीएलओ ने घर आकर सादे कागज पर दस्तखत कराए और कहा कि अब नाम वोटर लिस्ट में आ जाएगा। मायादेवी व अनीता समेत कई महिलाओं ने भी बताया कि उनका नाम वोटर लिस्ट से गायब कर दिया गया है। सपा के धर्मेंद्र यादव, हरेंद्र मलिक, राजीव राय, टीएमसी ममता की सागरिका घोष, महुआ मोइत्रा, शिव सेना (यूबीटी) के अरविंद सावंत, राजद के अभय कुशवाहा,सीपीआई(एमएल) के सुदामा प्रसाद, सीपीएम के जान ब्रिटास व आईयूएमएल के मो. बशीर समेत कई सांसदों ने बहस में हिस्सा लिया। इस माक पार्लियामेंट में न तो कभी माइक बंद हुआ और कैमरा भी भाषण देने वाले व्यक्ति पर ही केंद्रित रहा।

भाजपा की पदयात्रा पर चुप्पी, कांग्रेस की...

दीवाली का असली कारोबार तो धनतेरस, 6 नवंबर को है। 1 नवंबर की रैली से उसका क्या लेना-देना? एक पुराने व्यापारी ने हंसते हुए कहा- 'ये व्यापार का नहीं, सियासत का गणित है।' उन्होंने बताया - '2011 में अन्ना हजारे 13 दिन रामलीला मैदान में बैठे रहे। तब भी किसी संगठन ने नुकसान की बात नहीं की थी। उल्टा समर्थन दिया था। क्योंकि तब माहौल भाजपा के पक्ष का था।'

देवेंद्र फडणवीस ने तुकाराम मुंढे के फैसले को पलटा

खुले खाद्य तेल की बिक्री पर लगी रोक हटाई

मुंबई, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने खाने के खुले तेल की बिक्री पर लगे प्रतिबंध को हटा दिया है। इस फैसले से राज्य के पारंपरिक तेल व्यापारियों को बड़ी राहत मिली है। राज्य सरकार ने इस मुद्दे की व्यापक समीक्षा करने और एक उपयुक्त नीतिगत ढांचा तैयार करने के लिए एक विशेष समिति का भी गठन किया है। इससे पहले खाद्य एवं औषधि विभाग के आयुक्त तुकाराम मुंढे ने खुले खाद्य तेल की बिक्री पर पाबंदी लगा दी थी। इस कारण कारोबारियों ने व्यवसाय पर पड़ने वाले बुरे असर को लेकर गहरी चिंता जताई थी। लेकिन राज्य सरकार ने अपने ताजा फैसले में मुंढे के लगाए



प्रतिबंध को ही पलट दिया है। इसके अलावा राज्य सरकार ने 'खुला खाद्य तेल बिक्री समन्वय एवं नीति समिति' का गठन किया है। यह समिति खाद्य सुरक्षा नियमों और पारंपरिक कारोबारियों के हितों के बीच संतुलन स्थापित करने वाले उपायों का अध्ययन कर सुझाव देगी। छत्रपति संभाजीनगर के संयुक्त आयुक्त (खाद्य) इस समिति की अध्यक्षता करेंगे। इसके सदस्यों में अमरावती के संयुक्त आयुक्त (खाद्य), एडिबल ऑयल ट्रेडर्स एसोसिएशन और छत्रपति संभाजीनगर एडिबल ऑयल मर्चेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष, पारंपरिक तेली समुदाय के प्रतिनिधि और खाद्य प्रौद्योगिकी क्षेत्र के विशेषज्ञ शामिल हैं।

हमारा मौन ही हमारा संकल्प : आशीष

15 सूत्री मांगों को लेकर लोकमंच आज निकालेगा मौन संकल्प पदयात्रा

पटना, । लोकमंच के संस्थापक अध्यक्ष आशीष कुमार उर्फ बब्बू झा के नेतृत्व में समाज की एकजुटता, सम्मान और अधिकारों से जुड़ी 15 सूत्री मांगों को लेकर रविवार को मिलर स्कूल से मौन संकल्प पदयात्रा निकाली जाएगी। इस पदयात्रा का उद्देश्य समाज की चिंताओं और समस्याओं को सरकार तक पहुंचाना तथा लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जागरूकता पैदा करना है। आशीष कुमार उर्फ बब्बू झा ने कहा कि लोकमंच वर्ष 2004 से सामाजिक गोलबंदी और समाज को संगठित करने के लिए लगातार कार्य कर रहा है। मौन संकल्प पदयात्रा किसी के विरोध में नहीं, बल्कि समाज के विभिन्न वर्गों के साथ संवाद स्थापित करने और उनकी समस्याओं को सरकार के सामने रखने का एक लोकतांत्रिक प्रयास है। उन्होंने कहा कि हमारा मौन ही हमारा संकल्प है। उन्होंने



वर्तमान समय में ब्राह्मण समाज की सामाजिक, शैक्षणिक व आर्थिक स्थिति चिंताजनक : आशीष कुमार

कहा कि वर्तमान समय में ब्राह्मण समाज की सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक स्थिति चिंताजनक है। अंग्रेजों के शासनकाल से ही समाज को खलनायक के रूप में प्रस्तुत करने की कोशिश होती रही है, जबकि शिक्षा, संस्कृति और राष्ट्र निर्माण में इस समाज का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। अन्य मांगों में ईडब्ल्यूएस व्यवस्था में समानता, नवोदय विद्यालय एवं केंद्रीय विद्यालयों में नामांकन के अवसर बढ़ाने, मेडिकल और इंजीनियरिंग की पढ़ाई में आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों के लिए अवसर बढ़ाने, गरीब अभिभावकों के बच्चों को नि:शुल्क कोचिंग उपलब्ध कराने तथा गोस्वामी-गिरि समाज को केंद्रीय परीक्षाओं में उचित लाभ देने की मांग शामिल है। साथ ही आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए स्वरोजगार की व्यवस्था और रैयती जमीन पर अवैध कब्जा हटाने की मांग भी उठाई जाएगी। इसके अतिरिक्त भारती और मंडन मिश्र के नाम पर प्रस्तावित संस्थान एवं योजना, जिसके लिए शिलान्यास किया गया था, उसे मूर्त रूप देने की मांग भी लोकमंच की ओर से की जाएगी।

उपेक्षा के कारण आज युवा वर्ग हताश

काशी हिंदू विश्वविद्यालय और मिथिला विश्वविद्यालय जैसी शैक्षणिक संस्थाओं की स्थापना में भी समाज के महापुरुषों का योगदान रहा है। इसके बावजूद आज युवा वर्ग उपेक्षा के कारण हताश है। समाज की इस चिंता को सरकार तक पहुंचाना जरूरी है। पदयात्रा के माध्यम से प्रमुख रूप से ब्राह्मण कल्याण बोर्ड के गठन, समाज की सामाजिक, शैक्षणिक एवं आर्थिक स्थिति पर श्वेत पत्र जारी करने, वीर सपूत चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा स्थापित करने और भगवान परशुराम जयंती पर राजकीय अवकाश घोषित करने की मांग की जाएगी। इसके अलावा सरकार के गठन और राजनीतिक भागीदारी में समाज की सहभागिता सुनिश्चित करने तथा केंद्र स्तर पर सवर्ण आयोग के गठन की मांग भी उठाई जाएगी।

जल जीवन मिशन की खोदाई से कच्चा संपर्क मार्ग बना मुसीबत, हल्की बारिश में ग्रामीणों का चलना भी दुश्वार

ग्राम प्रधान की भूमिका पर उठे गंभीर सवाल, शिकायत हुई तो किससे और कार्रवाई के लिए अब तक क्या किया?

अनिल कुमार त्रिपाठी

ओठगी, प्रयागराज। यमुनानगर क्षेत्र के बारा तहसील अंतर्गत विकासखंड शंकरगढ़ की ग्रामसभा ओठगी तरहार के मौजा गिधार में बदहाल संपर्क मार्ग ग्रामीणों के लिए मुसीबत का सबब बना हुआ है। गांव को जोड़ने वाला कच्चा रास्ता पहले से ही जर्जर हालत में था, लेकिन जल जीवन मिशन के तहत पाइपलाइन बिछाने के लिए की गई खोदाई ने उसकी स्थिति और बदतर कर दी। अब सड़क के बीचों-बीच नाली जैसी गहरी पट्टी बन गई है। हल्की बारिश होते ही पूरे मार्ग पर कीचड़ और फिसलन फैल जाती है, जिससे ग्रामीणों का आवागमन जोखिम भरा हो गया है। लोग फिसलकर चोटिल हो रहे हैं, लेकिन जिम्मेदारों की ओर से समस्या के स्थायी समाधान की पहल अब तक नजर नहीं आ रही है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब जल जीवन मिशन के तहत गांवों में पाइपलाइन बिछाने के दौरान क्षतिग्रस्त हुई सड़कों को लेकर शिकायत दर्ज कराने के निर्देश दिए गए हैं, तो गिधार गांव के संपर्क मार्ग की बदहाली पर अब तक प्रभावी कार्रवाई क्यों नहीं हुई? जिलाधिकारी प्रयागराज द्वारा जल जीवन मिशन के अंतर्गत खोदी गई अथवा क्षतिग्रस्त सड़कों की शिकायत कर उन्हें दुरुस्त कराने के निर्देश दिए जाने की बात सामने आ रही है। ऐसे में ग्राम प्रधान की जिम्मेदारी और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। आखिर ग्राम प्रधान ने इस क्षतिग्रस्त मार्ग की शिकायत संबंधित विभाग या अधिकारी से क्यों नहीं की? यदि शिकायत की गई है, तो किस अधिकारी से, कब और किस माध्यम से की गई? क्या ग्रामसभा के ग्रामीणों को शिकायत और कार्रवाई की जानकारी दी गई? यदि शिकायत नहीं की गई, तो इसकी वजह क्या है? ग्राम प्रधान की भूमिका को लेकर उठ रहे ये सवाल अब इस पूरे मामले की अहम कड़ी बनते जा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि गांव की समस्या को अधिकारियों तक पहुंचाना ग्राम प्रधान की प्राथमिक जिम्मेदारी है, लेकिन संपर्क मार्ग की दुर्दशा के बावजूद शिकायत और कार्रवाई को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है। क्या ग्राम प्रधान ने जल जीवन मिशन के अधिकारियों से संपर्क किया? क्या पाइपलाइन बिछाने वाली संस्था को सड़क दुरुस्त करने के लिए कहा गया? क्या ग्राम विकास अधिकारी ने मौके का निरीक्षण किया? इन सवालों का जवाब ग्रामीणों को अब तक नहीं मिल पाया है। मामले को लेकर एडीओ पंचायत शंकरगढ़ से संपर्क किया गया तो उन्होंने तत्काल ग्राम प्रधान से बात कर समस्या का समाधान कराने का आश्वासन दिया था। लेकिन दस दिन से अधिक समय बीत जाने के बाद भी मार्ग की



हालत में कोई सुधार नहीं हुआ। लगातार दो दिनों से हो रही बारिश ने स्थिति और गंभीर कर दी है। स्कूली बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों और रोजमर्रा के काम से आने-जाने वाले ग्रामीणों को कीचड़ और फिसलन के बीच जोखिम उठाकर रास्ता पार करना पड़ रहा है। ऐसे में सवाल उठता है कि विकासखंड स्तर के अधिकारियों के आश्वासन के बाद भी ग्राम प्रधान और ग्राम विकास अधिकारी आखिर किस बात की प्रतीक्षा कर रहे हैं? आज फिर पंचायत विभाग से संपर्क किए जाने पर ग्राम प्रधान को तत्काल फोन करने की बात कही गई। अब ग्रामीणों की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि क्या मौके पर मिट्टी, गिट्टी अथवा मोरंग डालकर रास्ते को तत्काल चलने योग्य बनाया जाएगा, या फिर एक बार फिर आश्वासन देकर मामले को टाल दिया जाएगा। विकास कार्यों की जमीनी हकीकत पर सवाल, जांच और जवाबदेही तय करने की मांग गिधार गांव का यह मामला केवल एक कच्चे संपर्क मार्ग की बदहाली तक सीमित नहीं है, बल्कि सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन, क्षतिग्रस्त सार्वजनिक संपत्तियों की मरम्मत और ग्राम पंचायत की जवाबदेही से भी जुड़ा है। जल जीवन मिशन के तहत पाइपलाइन बिछाने का उद्देश्य ग्रामीणों को सुविधा देना है, लेकिन यदि उसी योजना के चलते रास्ते बदहाल हो जाएं और उनकी मरम्मत न हो, तो जिम्मेदारी किसकी होगी? संबंधित विभाग, कार्यदायी संस्था और ग्राम पंचायत के बीच जवाबदेही तय करना आवश्यक है। ग्रामीणों ने मांग की है कि जिलाधिकारी प्रयागराज के निर्देशों के अनुरूप जल जीवन मिशन के अधिकारियों द्वारा मौके का निरीक्षण कराया जाए, क्षतिग्रस्त संपर्क मार्ग की तत्काल मरम्मत कराई जाए और शिकायतों पर कार्रवाई में देरी करने वाले जिम्मेदारों से जवाब मांगा जाए। साथ ही ग्राम प्रधान से भी स्पष्ट किया जाए कि मार्ग की समस्या को लेकर अब तक क्या प्रयास किए गए और ग्रामीणों को इसकी जानकारी क्यों नहीं दी गई। क्षेत्र में कुछ ग्राम प्रधानों की कथित तौर पर आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने संबंधी चर्चाओं के बीच ग्रामीणों ने पंचायत स्तर पर विकास कार्यों, सरकारी धन के उपयोग और संपत्ति के स्रोतों की निष्पक्ष जांच की मांग भी उठाई है। हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि जांच तथ्यों और अभिलेखों के आधार पर होनी चाहिए, ताकि किसी भी प्रकार की अनियमितता सामने आने पर कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। अब बड़ा सवाल यही है कि क्या गिधार गांव के ग्रामीणों को बदहाल संपर्क मार्ग से राहत मिलेगी, या सरकारी योजनाओं के नाम पर खोदी गई सड़क और जिम्मेदारों की कथित उदासीनता के बीच ग्रामीण यूं ही फिसलते रहेंगे? प्रशासन को चाहिए कि मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल मरम्मत, शिकायतों की जांच और जिम्मेदारी तय करने की कार्रवाई करे।

कर्मचारियों के काफिले के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग पर दो दिन पाबंदी

जम्मू, । **जम्मू-कश्मीर में छह महीने के ग्रीष्मकालीन और छह महीने के शीतकालीन राजधानी श्रीनगर में सचिवालय की परंपरा के तहत दरबार मूव की प्रक्रिया के बीच शनिवार को सरकारी कार्यालयों में कामकाज बंद हो गया। इसके साथ ही श्रीनगर से जम्मू सचिवालय स्थानांतरित करने की प्रशासनिक प्रक्रिया पूरी होने के बाद शीतकालीन राजधानी में सरकारी कामकाज कामकाज शुरू।** होने का रास्ता साफ हो गया है। याद रहे दरबार मूव जम्मू कश्मीर की ऐतिहासिक प्रशासनिक परंपरा रही है। इसके तहत सर्दियों में सचिवालय और प्रमुख सरकारी कार्यालय श्रीनगर से जम्मू तथा गर्मियों में जम्मू से श्रीनगर स्थानांतरित होते रहे हैं। इस व्यवस्था का उद्देश्य दोनों क्षेत्रों में मौसमी परिस्थितियों के अनुरूप प्रशासनिक कामकाज संचालित करना था। लेकिन इस बार कार्यालयों के स्थानांतरण का कार्यक्रम निर्धारित तारीखों के अनुसार है। पांच दिवसीय कार्य सप्ताह वाले कार्यालय 30 अक्टूबर को ही श्रीनगर में बंद हो गए, जबकि छह दिवसीय



दरबार मूव के तहत कश्मीर में सरकारी कार्यालय बंद

कार्य सप्ताह वाले कार्यालय 31 अक्टूबर को बंद हुए हैं। सरकार के आदेश के अनुसार, इस बार कुल 91 सरकारी कार्यालयों एवं प्रतिष्ठानों को जम्मू स्थानांतरित किया जा रहा है। इनमें 41 कार्यालय पूरी तरह जम्मू जाएंगे, जबकि 50 कार्यालय सीमित कर्मचारियों के साथ कैंप व्यवस्था में काम करेंगे। कैंप कार्यालयों में स्वीकृत स्टाफ का 33 प्रतिशत अथवा 10 कर्मचारी, जो भी कम हो, तैनात रहेंगे। स्थानांतरित होने वाले पात्र कर्मचारियों को 25 हजार रुपए विशेष मूव यात्रा भत्ता मिलेगा।

सरकार ने 2 नवम्बर से जम्मू स्थित नागरिक सचिवालय में कामकाज दोबारा शुरू करने का कार्यक्रम तय किया है। इस बीच कर्मचारियों और सरकारी दस्तावेजों के काफिले की आवाजाही के लिए 31 अक्टूबर और 1 नवम्बर को राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर भारी और मध्यम मालवाहक वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध लगाए गए हैं। जम्मू कश्मीर में दरबार मूव की शुरूआत महाराजा रणवीर सिंह ने 1872 में बेहतर शासन के लिए की थी। कश्मीर, जम्मू से करीब 300 किमी दूरी पर था, ऐसे में डोगरा शासक ने यह व्यवस्था बनाई कि दरबार गर्मियों में कश्मीर व सर्दियों में जम्मू में रहेगा। 19वीं शताब्दी में दरबार को 300 किमी दूर ले जाना एक जटिल प्रक्रिया थी व यातायात के कम साधन होने के कारण इसमें काफी समय लगता था। अप्रैल महीने में जम्मू में गर्मी शुरू होते ही महाराजा का काफिला श्रीनगर के लिए निकल पड़ता था। महाराजा का दरबार अक्टूबर महीने तक कश्मीर में ही रहता था। जम्मू से कश्मीर की दूरी को देखते हुए डोगरा शासकों ने शासन को ही कश्मीर तक ले जाने की व्यवस्था को वर्ष 1947 तक बदस्तूर जारी रखा। जब 26 अक्टूबर 1947 को राज्य का देश के साथ विलय हुआ तो राज्य सरकार ने कई पुरानी व्यवस्थाएं बदल ले लेकिन दरबार मूव जारी रखा। राज्य में 154 साल पुरानी यह व्यवस्था आज भी जारी है। दरबार को अपने आधार क्षेत्र में ले जाना कश्मीर केंद्रित सरकारों को सूट करता था, इस लिए इस व्यवस्था में कोई बदलाव नही लाया गया था।